# 50वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
# 50th Annual Report 2016-17

URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED
Celebrating 50 Years
GOLDEN Jubilee
Since - 1967

## यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

## Uranium Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

B-4

# अनुक्रमणिका

| | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक मण्डल | 03 |
| 2. | कार्यकारी अधिकारीगण | 04 |
| 3. | अध्यक्ष एंव प्रबंध निदेशक की कलम से | 05 |
| 4. | निदेशकों का प्रतिवेदन | 08 |
| 5. | निदेशकों का प्रतिवेदन का अनुलग्नक–I (ऊर्जा संरक्षण इत्यादि) | 18 |
| 6. | निदेशकों का प्रतिवेदन का अनुलग्नक–II (निगमित अभिशासन) | 20 |
| 7. | लेखा विश्लेशण | |
| | (i) प्रमुख विशिष्टताएँ | 24 |
| | (ii) कम्पनी की वित्तीय स्थिति | 25 |
| | (iii) कम्पनी की आय एवं व्यय का विवरण | 26 |
| 8. | पाई एवं बार चार्ट | |
| | (I) आय का वर्गीकरण | 27 |
| | (ii) व्यय का वितरण | 27 |
| | (iii) आय में वृद्धि | 28 |
| | (iv) निवल मालियत (नेटवर्थ) में वृद्धि | 28 |
| | (v) नियोजित पूँजी | 29 |
| | (vi) सकल तथा शुद्ध परिसम्पत्ति | 29 |
| 9. | लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन | 31 |
| 10. | निगम के लेखों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की टिप्पणी | 39 |
| 11. | 31 मार्च 2017 की स्थिति का तुलन–पत्र | 40 |
| 12. | वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए लाभ एवं हानि का लेखा | 41 |
| 13. | इक्विटी में परिवर्तन का विवरण | 42 |
| 13. | लेखे की 1 से 38 तक की टिप्पणियाँ | 43 |
| 14. | नकद प्रवाह विवरण | 87 |
| 15. | पच्चीस वर्षीय स्थिति का सार संग्रह | 88 |

# निदेशक मंडल

**श्री सी के असनानी** (01–09–2016 से प्रभावी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**श्री देबाशीष घोष**
निदेशक (वित्त)

**श्री संजीव सूद** (09–05–2017 तक)
संयुक्त सचिव (आई ऐण्ड एम)
परमाणु ऊर्जा विभाग

**श्री एम ए इनबरासु** (22–06–2017 से प्रभावी)
संयुक्त सचिव (आई ऐण्ड एम)
परमाणु ऊर्जा विभाग

**श्री आर ए राजीव** (12–04–2017 तक)
संयुक्त सचिव (वित्त),परमाणु ऊर्जा विभाग

**श्री जी कल्याणाकृष्णन**
मुख्य कार्यकारी, एन एफ सी

**श्री एल के नन्दा** (08–12–2016 से प्रभावी)
निदेशक, ए.एम.डी

**श्री आर बी चक्रवर्ती** (01–09–2016 से प्रभावी)
पूर्व उपमहानिदेशक, खान सुरक्षा (एक्स–डी.डी.जी.एम.एस)

**डा0 के उमामहेश्वर राव** (01–09–2016 से प्रभावी)
निदेशक, एन आई टी सूरतकल

**श्री बी सी गुप्ता**
कंपनी सचिव

## ऑडिटर्स

अग्रवाल रमेश के. ऐण्ड कंपनी
चार्टड अकाउंटेंट्स
14, आर.जे.एस. बिल्डिंग, पहली मंजिल,
डायग्नल रोड, बिष्टुपुर, जमशेदपुर–831001

## कार्यकारी

**श्री सी के असनानी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**श्री देवाशीष घोष**
निदेशक वित्त

**श्री अजय घडे**
कार्यकारी निदेशक (ऑपरेशन एवं प्रोजेक्ट दक्षिण)

**श्री पी एन सरकार**
कार्यकारी निदेशक (ऑपरेशन झारखण्ड)

**श्री एस सी भौमिक**
महाप्रबंधक (खान)

**डॉ. ए के सारंगी**
महाप्रबंधक (कॉरपोरेट प्लानिंग)

**श्री एस के गुहानियोगी**
महाप्रबंधक (क्रय एवं भंडार)

**श्री पी के पाढ़ी**
महाप्रबंधक (खान) आध्रंप्रदेश

**श्री प्रनेश एस आर**
महाप्रबंधक (मिल आध्रंप्रदेश)

**श्री राजेश कुमार**
महाप्रबंधक (सेफ्टी, ट्रेनिंग, आईएसओ,पर्यावरण एवं मेकेनिकल रखरखाव)

**श्री एम एस राव**
महाप्रबंधक (ईजिनियरिंग सर्विसेस आध्रंप्रदेश)

**श्री बी सी गुप्ता**
कम्पनी सचिव

## यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

सीआईएन : U 1000 JH 1967 GOI 000806
रजिस्टर्ड ऑफिस : पी.ओ. जादुगोडा माइंस, जिला : सिंहभूम (पूर्वी)
झारखंड – 83102, फोन : 0657 730122 / 353
फैक्स : 0657–730322, ई–मेल : cs@uraniumcorp.in
हमसे संपर्क करें : www.uraniumcorp.in

## चेयरमैन के डेस्क से

प्रिय सदस्यगण,

आपकी कंपनी की 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। निदेशकों का प्रतिवेदन के साथ ही वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी के लेखा का अंकेक्षित विवरण आपके पास भेज दिया गया और आपकी सहमति के साथ, मैं उसे पढ़ लिया गया मानता हूं।

सज्जनों, कई मोर्चों पर शानदार उपलब्धियों को चिह्नित करते हुए इस अवधि के दौरान कंपनी के प्रदर्शन पर प्रस्तुति देते हुए मैं अपनी खुशी और उत्साह की भावना को साझा करना चाहता हूं। आपकी कंपनी भारत में यूरेनियम संसाधनों का व्यावसायिक पैमाने पर उपयोग करने हेतु एकमात्र इकाई के रूप में, देश में स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को समर्थन देने के लिए समर्पित है। वर्ष 2016–17 में कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जोर देते हुए मुझे अपार संतुष्टि हो रही है।

मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि जादुगोडा खान में वन भूमि विचलन नवीकरण मुद्दे के कारण,जादुगोडा संयंत्र में अयस्क की उपलब्धता में लगातार बड़े व्यवधानों के बावजूद भी सभी प्रमुख इकाइयों का प्रदर्शन वर्ष के दौरान संतोषजनक रहा है। हालांकि, 7 दिसंबर 2015 से जादुगोडा–भाटिन लीज को नियमित कर दिए जाने के अतिरिक्त, 11 मई 2017 को वन भूमि विचलन के लिए पहले चरण को मंजूरी दे दी गई और एमओईएफसीसी से अंतिम मंजूरी मिलने के तुरंत बाद खनन गतिविधियां शुरु हो जाएंगी, जो प्रक्रियाधीन है। इस बीच, इस नुकसान की आंशिक रूप से भरपाई के लिए अन्य इकाइयों से उत्पादन बढ़ा दिया गया है।

तुमलापल्ले परियोजना, जिसमें भूमिगत खदान और प्रोसेस प्लांट भी शामिल है, के पास कई नवोन्वेशी प्रौद्योगिकियां हैं जिसे देश में पहली बार अपनाया जा रहा है। तुमलापल्ले खान में फुटवॉल लोड को काफी हद तक विकसित किया गया है और डीजीएमएस से अनुमति प्राप्त करने के बाद रोकने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। तुमलापल्ले में हैंगवॉल लोड के खनन से संबंधित मुद्दों का समाधान एक पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से किया गया है और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मेकैनिक्स, बैंगलोर द्वारा इसकी निगरानी की गई। तुमलापल्ले संयंत्र ने उच्च क्षमता के उपयोग और बेहतर रिकवरी के साथ अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार किया है। तुमलापल्ले संयंत्र में पुनः विघटन प्रणाली की सुविधा को सफलतापूर्वक पूरा और कार्यान्वित कर लिया गया है। पुनः विघटन प्रणाली सुविधा की कमिशनिंग के साथ, संयंत्र ने 2016–17 की अंतिम तिमाही में पहले ही 70 प्रतिशत से अधिक प्रसंस्करण क्षमता दर्ज किया है। इस परियोजना को, इसके सफल संचालन के साथ अब जनवरी 2017 के प्रभाव से पूंजीकृत किया गया है।

झारखंड तथा तुम्मलापल्ले में कंपनी की जारी परियोजनाओं में इस अवधि के दौरान अच्छी प्रगति हुई है। जादूगोड़ा स्थित टेलिंग पॉण्ड में चतुर्थ चरण गतिविधियों के निर्माण गतिविधियों, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा उपासना स्थल (जाहिरा) की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विरोध किए जाने के कारण स्थगित कर दिया गया था, इस मुद्दे के समाधान के साथ ही अब पुनः शुरू किया गया है। शेष कार्य एक एकल समेकित अनुबंध द्वारा पूरा किया जाएगा जो तैयार किया जा रहा है। तुरामडीह में मैग्नेटाइट पुनः प्राप्ति प्लांट में साइट की गतिविधियां प्रगति पर हैं तथा ए.ई.आर.बी. की मंजूरी प्राप्त हो गई है। तुरामडीह में यूरेनियम पेरॉक्साइड फैसिलिटी प्रोजेक्ट पूरा हो गया है तथा ए.ई.आर.बी. मंजूरी प्राप्त हो गयी है। तथापि फाइनल कमीशनिंग हेतु एमओईएफ क्लीयरेंस बहु–प्रतीक्षित है। तुरामडीह में टेलिंग पॉण्ड में द्वितीय चरण का निर्माण पूरा हो चुका है और फंड का पूरी तरह उपयोग हो चुका है। भाटीन खादान में साइट के आधुनिकीकरण हेतु निर्माण कार्य तथा सिविल और इलेक्ट्रिकल रखरखाव का कार्य प्रगति पर है। वन भूमि विचलन मंजूरी प्राप्त करने के बाद प्रमुख गतिविधियां शुरू की जाएगी। सिंहभूम तथा तुम्मलापल्ले में सात डिबॉटलनेकिंग परियोजना पहले से ही शुरु किया गया है और कार्य प्रगति पर है।

नवंबर 2016 में 'विजन 2031–32 यूरेनियम उत्पादन में स्व दक्षता' के लिए इस बात को ध्यान में रखते हुए डीएई विजन के अनुरूप देश की स्थाई दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा हेतु परमाणु विद्युत उत्पादन में बहुगुणा वृद्धि तथा आगामी 15 वर्षों में (2031– 32 तक) यूरेनियम उत्पादन में 10 गुना वृद्धि को लक्ष्य करते हुए एक रोडमैप भी बनाया गया है। कई परियोजनाओं के लिए काम शुरू भी किया गया है जिसमें राजस्थान के रोहिल, झारखंड के सिंगरीडुंगरी–बनाडुंगरी और तेलंगाना के पेद्दागट्टू में खोजी खनन हेतु यूसीआईएल तथा एएमडी के बीच एमओयू भी शामिल है।

आपकी कंपनी राजस्थान के रोहिल, कर्नाटक के गोगी, मेघालय केपीएम तथा तुम्मलापल्ले के आस–पास के क्षेत्रों को प्री–प्रोजेक्ट गतिविधियों के लिए अधिग्रहण हेतु उत्सुक है। जहां आवश्यक हो, वहां नयी पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया के लिए गतिविधियां भी शुरू की गयी है तथा आम लोगों के बीच साख बढ़ाने हेतु जन कल्याण गतिविधियों को तेज किया गया है। राज्य के पदाधिकारीगण और परियोजना के प्रमुख हितधारकों के साथ बैठकों के द्वारा नियमित फॉलोअप को सुनिश्चित किया गया है।

पूरे वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के औद्योगिक संबंधों का स्वरूप कर्मचारियों के बीच बेहतर संबंधों के साथ संतोषजनक रहा है। वेतन पुनरीक्षण के लिए यूसीआईएल और कामगार यूनियनों के प्रबंधन के बीच समझौता ज्ञापन सम्पन्न हुआ और इसे सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है। समय–समय पर प्रबंधन, संघीय प्रतिनिधियों और अधिकारी संघों के बीच शांतिपूर्ण माहौल में कर्मचारी कल्याण, पदोन्नति, प्रशासनिक उपायों, आवास आवंटन आदि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। आपकी कंपनी लगातार कॉरपोरेट गवर्नेंस मानदंडों को बनाए रखे हुए है।

आपकी कंपनी क्वालिटी एश्योरेंस के लिए आईएसओ 9001: 2008 प्रमाणपत्र, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आई.एस.ओ. 14001: 2004 प्रमाणन और पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएस –18001: 2007 प्रमाणीकरण को लगातार बरकरार रख रही है। जोखिम मूल्यांकन और प्रबंधन भी आईएस–18001: 2007 प्रमाणीकरण के अंतर्गत आते हैं। आपकी कंपनी ने आई.एस.ओ. –14001: 2004 के अनुरुप नरवापहाड़ टाउनशिप की पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखा है जो टीयूवी–एनओआरडी द्वारा प्रमाणित है, और यह देश के किसी भी खनन उद्योग के टाउनशिप में अग्रणी उपलब्धि है।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि आपकी कंपनी को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत सरकार द्वारा पीएसई अवॉर्ड 2016 देकर सम्मानित किया गया है। 47वें अखिल भारतीय बचाव प्रतियोगिता 2016 के दौरान आपकी कंपनी ने श्रम मंत्रालय, भारत सरकार से समग्र विजेता (धातुकर्म खान) का खिताब ग्रहण किया है।

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संदर्भ में वर्ष 2016–17 में आपकी कंपनी के प्रदर्शन को बहुत अच्छा रेटिंग मिलने की आशा है।

आपकी कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, वियाना; न्युक्लियर एनर्जी एजेंसी, फ्रांस; वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसिएशन, लंदन; यूरोप, जेनेवा आदि के लिए यूनाइटेड नेशंस इकोनॉमिक कमिशन जैसे अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उत्कृष्ट तकनीकी करार को बनाए रखा है। निकटवर्ती शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान जैसे आईआईटी खड़गपुर; आईएसएम धनबाद; एक्सएलआरआई जमशेदपुर; सीआईएमएफआर धनबाद; एनएमएल जमशेदपुर आदि के साथ तकनीकी करार दूरंदेशी प्रौद्योगिकी के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान कर रहे है।

मैं कंपनी के प्रत्येक कर्मचारियों के प्रयासों और उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मैं परमाणु ऊर्जा विभाग और इसके विभिन्न घटकों के सहयोग, विशेष रूप से बीएआरसी, एएमडी, एनएफसी और एनपीसीआईएल को उनकी निःस्वार्थ सहायता, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं विभिन्न शैक्षणिक एवं अनुसंधान संगठनों, विशेष रूप से आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, सीआईएमएफआर धनबाद और एनआईआरएम कोलार, से प्राप्त तकनीकी सहयोग की भी सराहना करता हूं। मैं कंपनी के बोर्ड में शामिल सभी सहकर्मियों, विशेष रूप से सेवा निवृत्त सदस्यों का उनके कार्यकाल के दौरान एवं उसके बाद भी,उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों तथा उनके अथक प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

अब, मैं 31 मार्च 2017 को निदेशकों की रिपोर्ट, तुलन पत्र और 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष का लाभ, हानि, लेखा आपके विचारार्थ, अनुमोदानार्थ एवं अंगीकरण हेतु प्रस्तुत करता हूं।

शिलांग
23 सितंबर, 2017

**सी के असनानी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में
सभी सदस्यगण
देवियों एवं सज्जनों,

निदेशक मंडल की ओर से, आपकी कंपनी की 50वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा अंकेक्षित लेखा, और भारत के कॉम्प्ट्रोलर तथा महालेखा परीक्षक द्वारा उस पर प्रतिवेदन को पेश करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

**1-0 प्रदर्शन के प्रमुख बिंदु:**

**1-1 वित्तीय प्रदर्शन:**

| | लाख रुपये में | |
|---|---|---|
| | **चालू वर्ष 2016-17** | **पिछले वर्ष** 2015-16 |
| आय | 1,27,270.50 | 1,02,552.57 |
| मूल्यह्रास पूर्व लाभ | 34,647.25 | 24,034.59 |
| घटाएं : (अ) मूल्यह्रास | 13,662.90 | 8,581.18 |
| कर पूर्व लाभ | **20,984.35** | **15,453.41** |
| घटाएं: (अ) टैक्स का प्रावधान | 4,537.67 | 5,763.44 |
| (ब) पिछले वर्ष के लिए | 463.76 | कुछ नहीं |
| (स) आस्थगित कर का प्रावधान | 3,189.04 | (294.39) |
| कर पश्चात लाभ | **12,793.88** | **9,984.36** |
| अन्य व्यापक आय | (175.53) | 225.63 |
| वर्ष के लिए कुल व्यापक आय | 12,618.35 | 10,209.99 |

वर्ष के दौरान, हमारी कंपनी ने कॉरपोरेट आयकर, लाभांश, केंद्रीय बिक्री कर, वैट, प्रवेश कर, एक्साइज ड्यूटी, सीमा शुल्क (आयात) और रॉयल्टी आदि के कारण सरकारी खजाने को 10,486,54 लाख (पिछले साल 6501.51 लाख रुपये) का योगदान दिया है।

**1.2 ऑपरेटिंग प्रदर्शन**

वर्ष 2016–17 के दौरान आपकी कंपनी के सभी ऑपरेटिंग इकाइयों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

- **जादुगोड़ा खान**

  30 मार्च 2017 को वन परामर्श समिति (एफएसी) के साथ जादुगोडा–भाटीन खान क्षेत्र में वन भूमि विचलन नवीकरण मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया और 11 मई 2017 को पहले चरण को मंजूरी दे दी गई। एमओईएफसीसी से अंतिम मंजूरी मिलने के तुरंत बाद खनन गतिविधियां शुरु हो जाएंगी, जो प्रक्रियाधीन है।

- **भाटीन खान**

  'भाटीन का आधुनिकीकरण' परियोजना के अंतर्गत उच्च उत्पादन के लिए खान का नक्शा तथा अयस्क ऊपर उठाने की व्यवस्था का उन्नयन किया जा रहा है। इस आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत प्रमुख खनन गतिविधियां लंबित वन भूमि विचलन के कारण रूकी हुई है। अन्य संबंधित गतिविधियां प्रगति पर है।

- **नरवापहाड़ खान**

  नरवापहाड़ खान अपने शॉफ्ट–डिकलाइन इंट्री कम्बीनेशन तथा 1000 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के साथ देश का सर्वाधिक आधुनिक भूमिगत यूरेनियम खान है। इसका लेआउट पटरीविहीन उपकरण के नियोजन की सुविधा प्रदान करता है जो इसकी उच्च उत्पादकता एवं उन्नत सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। खान की विस्तारीकरण योजना बनाई गई है ताकि

उत्पादन क्षमता 1500 टन प्रति दिन बढ़ाया जा सके। पर्यावरणीय जन सुनवाई का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया और ईएसी ने पर्यावरण मंजूरी के लिए अनुशंसा की है, हालांकि औपचारिक पत्र मिलने की प्रतीक्षा है।

- **तुरामडीह खान**

  इस खान में आधुनिक भूमिगत पटरी विहीन खनन का उपयोग किया जाता है और यहां 750 टन प्रतिदिन की निर्धारित क्षमता को बढ़ाकर 1000 टन प्रतिदिन करने के लिए विस्तारीकरण किया जा रहा है। वर्ष के दौरान, तुरामडीह खान में 82 प्रतिशत उपयोग क्षमता दर्ज की गयी है। तुरामडीह में ओर होइस्टिंग एवं क्रशिंग सिस्टम में सुधार प्रगतिधीन है।

- **बांदुहुरांग ओपन कास्ट खान**

  यह देश की पहली ओपन कास्ट यूरेनियम माइंस है जो तुरामडीह प्रोसेसिंग प्लांट के बगल में स्थित है। वर्ष के दौरान समग्र प्रदर्शन संतोषजनक रहा और पूर्ण क्षमता उपयोग हासिल किया गया।

- **बागजाता खान**

  बागजाता खान से उत्पादित अयस्क जादूगोड़ा संयंत्र में संसाधित किया जाता है। बागजाता खान से उच्चतर उत्पादन ने क्षेत्र में परिवहन के लगातार अवरोधों के विरूद्ध जादूगोड़ा संयंत्र में एक बफर के रूप में भंडार बनाने में मदद किया है। हालाँकि, खान के लोकेशन और सामान्य विधि व्यवस्था की समस्या ने खान से संयंत्र तक सुगम अयस्क परिवहन को प्रभावित किया है। वर्ष के दौरान, खान में 82 प्रतिशत क्षमता उपयोग दर्ज की गयी है।

- **मोहुलडीह भूमिगत खान**

  मोहुलडीह खान को 2012 में कमीशन किया गया था और इस खान से उत्पादित अयस्क तुरामडीह संयंत्र में संसाधित किया जाता है। इसने पटरी विहीन उपकरण नियोजन की आधुनिक पद्धति को अपनाया है।

- **जादुगोड़ा संयंत्र**

  1968 में स्थापित देश का सबसे पुराना अयस्क प्रसंस्करन संयंत्र जिसकी मौजूदा प्रसंस्करन क्षमता 2500 टन प्रति दिन है, ने जादुगोडा खान और भाटीन खान में उत्पादन स्थगन के बावजूद वर्श के दौरान 85 प्रतिशत उपयोग क्षमता दर्ज किया है। संयंत्र यूरेनियम पैरॉक्साइड का उत्पादन करता है, जो पर्यावरण के अनुकूल है एवं मूल्य वर्धित उत्पाद से एनएफसी के प्रसंस्करन अभ्यासों को लाभान्वित करता है।

- **तुरामडीह मिल**

  3000 टन प्रति दिन अयस्क प्रसंस्करण क्षमता के साथ तुरामडीह संयंत्र आपकी कंपनी के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान के साथ अच्छी तरह से प्रदर्शन कर रही है। यह संयंत्र उन्नत उपकरणों तथा आधुनिक नियंत्रण और निगरानी सुविधाओं से सुसज्जित है। यह तुरामडीह, बांदुहुरांग और मोहुलडीह खान से सिंचित है। वर्श के दौरान संयंत्र ने शत प्रतिशत उपयोग क्षमता हासिल किया है।

- **उपोत्पाद-प्रोडक्ट रिकवरी संयंत्र**

  जादुगोडा में बाय–प्रोडक्डट रिकवरी संयंत्र से मैग्नेटाइट के उत्पादन में निरंतर प्रदर्शन बरकरार है। जादुगोडा संयंत्र से उत्पादित मैग्नेटाइट की उच्च शुद्धता के उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है।

**1.3 नई परियोजनाएं :**

- **तुम्मलापल्ले यूरेनियम परियोजना :**

  इस परियोजना में भूमिगत खान एवं प्रसंस्करन संयंत्र के साथ कई नवोन्वेशी प्रौद्योगिकियां शामिल है, जिसे देश में पहली बार अपनाया गया है। खान ने पहले ही उत्पादन शुरू कर दिया है और पर्याप्त अयस्क भंडार का निर्माण कर दिया गया है। तुम्म्लापल्ले में हैंगवाल लोड से संबंधित मुद्दे का समाधान एक पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से किया गया है, जो नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मेकेनिक्स के सहयोग से किया गया। तुमलापल्ले संयंत्र में पुनः विघटन प्रणाली की सुविधा को सफलतापूर्वक पूरा और कार्यान्वित कर लिया गया है। पुनः विघटन प्रणाली सुविधा की कमिशनिंग के साथ, संयंत्र ने 2016–17 की अंतिम तिमाही में पहले ही 70 प्रतिशत से अधिक प्रसंस्करण क्षमता दर्ज किया है। इस परियोजना को, इसके सफल संचालन के साथ अब जनवरी 2017 के प्रभाव से पूंजीकृत किया गया है।

- **गोगी यूरेनियम परियोजना, कर्नाटक :**

  जुलाई 2012 से ही खोजपूर्ण खनन स्थगित कर दिया गया था। ईटीपी की संस्थापना तथा संबंधित खोजपूर्ण खदान विकास के लिए 15 करोड़ रुपये का नया प्रस्ताव एएमडी के अनुमोदन के अधीन है। ईआईए/ईएमपी अध्ययन के लिए नई शुरुआत की गई है और परियोजना पूर्व गतिविधियां प्रगति पर है।

पिरामल हेल्थकेयर के साथ मोबाइल चिकित्सा शिविरों के आयोजन का कार्य प्रगति पर है।

- **केलेंग-पेंडेंगसोहियोंग परियोजना, मेघालय :**

  आपकी कंपनीमेघालय में केलेंग–पेंडेंगसोहियोंग मावथाबाह परियोजना के लिए भारत सरकार की मंजूरी प्राप्त करने के प्रयास को जारी रखे हुए है। समय समय पर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक और वार्ताएं की जा रही हैं। स्थानीय लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने की दिशा में आपकी कंपनी द्वारा कल्याणकारी गतिविधियों तथा स्वच्छ भारत पहल को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है।

- **रोहिल यूरेनियम भंडार, राजस्थान :**

  आपकी कंपनी ने इस क्षेत्र में अन्वेशण खनन कार्य की शुरुआत करने के लिए एमएमडी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। साइट पर डिक्लाइन पोर्टल की खुदाई का काम शुरु किया जा चुका है और यह कार्य प्रगति पर है। खान के लेआउट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और जल आपूर्ति स्त्रोतों की पहचान की गई है। शाफ्ट सिंकिंग के माध्यम से अन्वेशण खनन कार्य के विस्तार के लिए एक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया गया और परियोजना के प्रस्ताव को एएमडी के पास जमा कर दिया गया है।

- **सिंगरीडुंगरी-बनाडुंगरी यूरेनियम भंडार, झारखंड :**

  आपकी कंपनी ने इस क्षेत्र में अन्वेषण खनन कार्य की शुरुआत के लिए एएमडी के साथ करार किया है। सिंगरीडुंगरी–बनाडुंगरी यूरेनियम भंडार में अन्वेषण खनन कार्य के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एएमडी के पास जमा कर दिया गया है।

- **पेद्दागाट्टू यूरेनियम भंडार, तेलंगाना :**

  आपकी कंपनी ने इस क्षेत्र में अन्वेशण खनन कार्य की शुरुआत के लिए एएमडी के साथ करार किया है। पेद्दागाट्टू यूरेनियम भंडार में अन्वेषण खनन कार्य के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एएमडी के पास जमा कर दिया गया है।

- **तुरामडीह में मैगनेटाइट प्रति-प्राप्ति संयंत्र :**

  तुरामडीह का नया मैग्नेटाइट प्रति–प्राप्ति संयंत्र, अवशेष से उपयोगी उत्पाद की प्रतिप्राप्ति में सहायता करेगा तथा आपकी कंपनी की वित्तीय स्थिति का उन्नत करेगा। मिल फाउंडेशन और मैग्नेटाइट भंडारन पिट सहित प्रमुख सिविल गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं। मैग्नेटाइट बॉल मिल की स्थापना का कार्य प्रगति पर है और एईआरबी मंजूरी प्राप्त हो चुकी है।

- **तुरामडीह में यूरेनियम पेरॉक्साइट फैसिलिटी**

  मौजूदा तुरामडीह यूरेनियम प्रसंस्करण संयंत्र में यूरेनियम पेरॉक्साइड सुविधा में रिएजेंट के इश्टतम उपयोग और उत्पाद की बेहतरीन प्रतिप्राप्ति के लिए उन्नत तकनीक को अपनाया गया है। निर्माण कार्य और ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। एईआरबी की मंजूरी प्राप्त हो चुकी है और एमओईएफ मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा है।

- **जादूगोडा में चतुर्थ चरण टेलिंग पॉण्ड :**

  आपकी कंपनी ने जादूगोडा संयंत्र के टेलिंग्स के प्रबंधन के लिए सामर्थ्य निमार्ण की दिशा में अतिरिक्त 10 वर्षों के लिए प्रथम चरण टेलिंग पॉण्ड (चतुर्थ चरण टेलिंग्स पॉण्ड) के द्वितीय फेज का निर्माण किया है। निर्माण गतिविधियां जो पूजन स्थल (जाहिरा) के संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा बाधित कर दी गयी थी, अब फिर से शुरु हो चुकी है। शेष कार्य एकल समेकित अनुबंध के माध्यम से पूरा किया जाएगा जिसे तैयार किया जा रहा है।

- **कॉपर टेलिंग्स से यूरेनियम प्रतिप्राप्ति संयंत्र :**

  आपकी कंपनी मुसाबनी माइंस में मेसर्स हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के संचालन के कॉपर टेलिंग्स से यूरेनियम प्रति प्राप्ति हेतु दो यूरेनियम प्रति प्राप्ति संयंत्र के निर्माण का प्रस्ताव किया है। डीपीआर तैयार हो चुका है और टीओआर प्राप्त हो चुका है और मेसर्स एचसीएल द्वारा टेलिंग्स की आपूर्ति हेतु सहमति दी जा चुकी है। ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर जमा कर दिया गया है।

- **भाटीन माइंस का आधुनिकीकरण**

  'भाटीन का आधुनिकीकरण' परियोजना के अंतर्गत उच्च उत्पादन के लिए खान का नक्शा तथा अयस्क ऊपर उठाने की व्यवस्था का उन्नयन किया जा रहा है। इस आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत प्रमुख खनन गतिविधियां लंबित वन भूमि विचलन के कारण रूकी हुई है। अन्य संबंधित गतिविधियां प्रगति पर है।

- **सिंहभूम और तुम्मलापल्ले संचालन का डिबॉटलनेकिंग**

  सुनियोजित परियोजना के रूप में डिबॉटलनेकिंग गतिविधियां सिंहभूम और

तुममलापल्ले में माइंस और संयंत्र के वर्तमान प्रदर्शन को स्थायी तौर पर बरकार रखने में मदद करेगी। विभिन्न क्षेत्र चिन्हित किये गए हैं जिन्हें, सुगम सतत उत्पादन को बरकरार रखने हेतु संशोधित/ उन्नत किये जाने की आवश्यकता है। कंपनी ने दो विभिन्न शीर्षों– सिंहभूम संचालन का डिबॉटलनेकिंग और तुममलपल्ले संचालन का डिबॉटलनेकिंग के तहत वर्गीकृत करते हुए कुल सात परियोजनाओं का प्रस्ताव दिया है। तुम्मलापल्ले में हैंग वॉल लोड में ट्रायल स्टॉपिंग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अन्य शेष परियोजनाओं के डिजाइन और सेवाओं के लिए निरंतर अनुबंध किया गया है। निविदा दस्तावेजों की जांच तथा अंतिम रूप देने का काम प्रगति पर है, और साइट पर सिविल कार्य पहले ही किया जा चुका है।

### 1.4 समझौता ज्ञापन प्रदर्शन

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संदर्भ में वर्ष 2016–17 में आपकी कंपनी के प्रदर्शन को बहुत अच्छा रेटिंग मिलने की आशा है।

### 2.0 लाभांश तथा रिजर्व में स्थानांतरण

आपके निदेशकगण 1,61,561.78 लाख रुपये के प्रदत पूजी के ऊपर 3839 लाख रुपए लाभांश देने की शिफारिश करते हुए प्रसन्नता व्यक्त कर रहे है (विगत वर्ष यह राशि 3064 लाख रुपये थी)।

### 3.0 शेयर पूंजी

वर्ष के दौरान कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 3,500 करोड़ रुपये तथा 31 मार्च 3016 को सब्सक्राइब्ड शेयर पूंजी 1615.62 करोड़ रुपये हुई।

### 4.0 ऊर्जा संरक्षण / प्रौद्योगिकी का समावेश, अनुकूलन, नवोन्वेषण तथा विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं उपयोग

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(एम) कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8 के साथ पठित प्रौद्योगिकी का समावेश तथा विदेशी मुद्रा के उपयोग एवं अर्जन संबंधी विवरण इस प्रतिवेदन के अनुलग्नक–1 में दिखलाया गया है।

### 5.0 औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी का औद्योगिक संबंध विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध के साथ संतोषजनक रहा। समय समय पर प्रबंधन, यूनियन प्रतिनिधियों तथा ऑफिसर्स एसोसिएशन के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में कर्मचारी कल्याण, पदोन्नति, प्रशासनिक उपायों, गृह आवंटन आदि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

## 6.0 कार्यबल

31 मार्च 2017 को आपकी कंपनी में कार्यबल की कुल संख्या 4834 थी। आपकी कंपनी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व कुल कार्यबल का करीब 52.03% है। 31 मार्च 2017 को कंपनी में कार्यरत दिव्यांग लोगों की संख्या 13 है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर आरक्षित कोटा भरने के लिए कंपनी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### 7.0 प्रबंधन में कर्मचारियों की भागीदारी

आपकी कंपनी ने सभी स्तरों पर एक बेहद ही स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण संबंध कायम रखा है। विभिन्न संचालन इकाइयों में शॉप कॉउन्सिल की कुल 35 बैठकें आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों की शिकायत से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ये मुद्दे बाद में उच्च प्रबंधन की जानकारी में लाये गए। कर्मचारियों को भविष्य निधि के न्यास बोर्ड, ग्रैच्युटी फंड, मृत्यु लाभ योजना, कर्मचारी पारिवारिक सहायता योजना, कल्याण निधि योजना तथा को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी आदि योजनाओं में प्रतिनिधित्व दिया गया। कर्मचारियों के प्रतिनिधि सुरक्षा समिति, कैंटीन प्रबंधन समिति और स्पोर्ट्स समिति इत्यादि के सदस्यों के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

### 8.0 मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

विभिन्न प्रशिक्षण मॉडयूल के माध्यम से क्षमता को निखारने की दिशा में मानव संसाधन के उन्मुखीकरण में आपकी कंपनी के प्रयासों की सराहना की गई है। आपकी कंपनी कर्मचारियों को आकर्षित करने, रोके रखने और प्रेरित करने के साथ ही एक ऐसा माहौल तैयार करने के लिए लगातार संघर्षरत है जो उन्हें कंपनी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हेतु पोषित करता है। बोर्ड की स्वीकृति से युवा अधिकारियों के लिए नई तीव्र कैरियर विकास योजना की शुरुआत की गई है।

देश में प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित संगोष्ठी, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए आपकी कंपनी के बयान्वे (92) अधिकारियों को प्रायोजित किया गया था। विभिन्न विषयों के लिए आवश्यक कौशल और

ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और विकास को निरंतर आधार पर पहचाना जाता हैं और कंपनी के मानव संसाधन के समस्त दक्षता में सुधार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम/ कार्यशालाओं को आयोजित किया जाता है। वर्ष 2016–17 के दौरान, 168 अधिकारियों और सुपरवाइजरों ने नरवापहाड़ में स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में 689 कार्यदिवस के लिए आयोजित आंतरिक प्रशिक्षण में भाग लिया।

**9.0 सुरक्षा :**

आपकी कंपनी एक संरचित आंतरिक सुरक्षा संगठन के साथ अपनी सभी गतिविधियों में सुरक्षा पर बहुत जोर देती है। खानों और प्रसंस्करण संयंत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। शून्य दुर्घटना लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से आंतरिक सुरक्षा संगठन द्वारा प्रचलित सुरक्षा मानकों की समय–समय पर समीक्षा की गई। दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास में आपकी कंपनी द्वारा अत्याधुनिकखनन प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उच्च स्तर के मशीनीकरण को अपनाया गया है। आपकी कंपनी की सभी इकाइयों में वार्षिक सुरक्षा सप्ताह अभियान आयोजित किया गया। सभी खानों की यूसीआईएल खान सुरक्षा समिति ने नियमित रूप से मासिक बैठकें आयोजित कीं जिसमें समिति के सदस्यों, कर्मचारियों के संघीय प्रतिनिधियों, कामगारों के निरीक्षकों, और स्वास्थ्य भौतिकविदों समेत विभिन्न स्तरों के कर्मचारी शामिल थे। बैठक में नियर मिस की घटनाओं, असुरक्षित गतिविधियों तथा कार्य अभ्यासों और समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुई दुर्घटनाओं पर चर्चा हुई। चिकित्सा जांच केंद्रों पर सभी कर्मचारियों की रोजगार पूर्व और सामयिक चिकित्सा जांच विशेशज्ञ पेशेवर स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा की गईं। ग्रुप वीटी केंद्रों में अनुबंधीय कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अधिकारियों और सुपरवाइजरों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई।

**10.0 निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) :**

विगत वर्षों की तरह, आपकी कंपनी अपने कारोबार को सामाजिक रूप से जिम्मेदार, नैतिक और पर्यावरण स्नेही तरीके से संचालित करने हेतु प्रतिबद्ध है और अपने परिचालन क्षेत्रों के आस–पास रहने वाले समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार काम करती है। कंपनी की सीएसआर गतिविधियों को बुनियादी मूल्यों के अनुसार कार्यान्वित किया जाता है जैसे कि हितधारकों के हितों की रक्षा करना, स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय सहभागिता और समावेशी विकास की दिशा में प्रयास करना। सीएसआर गतिविधियां, कंपनी के परिचालन क्षेत्र के समग्र सामाजिक आर्थिक संकेतकों को सुधारने के लक्ष्य के साथ निम्नलिखित व्यापक विषयों पर केंद्रित हैं।

**शिक्षा**– आपकी कंपनी द्वारा शुरू की गई प्रतिभा संवर्धन कार्यक्रम (टीएनपी) ने आसपास के गांवों के वंचित छात्रों को अपने परमाणु ऊर्जा केंद्रों में नामांकित करके उन्हें शिक्षा प्रदान करने का प्रयास जारी रखा है। इन छात्रों को वित्तीय सहायता के रूप में छात्रवृत्ति के साथ पोशाक, जूते, स्टेशनरी, पाठ्य पुस्तकें, बैग आदि प्रदान किए गए। इसके अलावा, आसपास के स्कूलों के छात्रों के बीच भी नोटबुक और स्कूल बैग का वितरण किया गया।

**पेयजल का प्रावधान**– आपकी कंपनी ने स्थानीय समुदाय को स्वच्छ पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए राजदोहा और बाघमारा गांव में जलमिनार का निर्माण किया है, साथ ही चट्टिकोछा गांव में एक ओवरहेड टैंक का भी निर्माण कराया है। पाइप से पानी की आपूर्ति के लिए मुर्गाघुटु और पाथेरचक्री में जल स्त्रोत की सुविधा प्रदान की गई है। पानी के टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति हेतु तथा झारखंड में मौजूदा ट्यूबवेलों की मरम्मत और रखरखाव के लिए अनुबंध किया गया। आंध्र प्रदेश राज्य में तुम्मलापल्ले में स्थित आरओ संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए नंदी फाउंडेशन को संलग्न किया गया।

**कौशल विकास**–निगमित सामाजिक दायित्व के दायरे में आपकी कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली कंप्यूटर और सॉफ्ट स्किल कोचिंग से आसपास के गांवों के वंचित और आकांक्षी युवा लाभान्वित हो रहे हैं। इलेक्ट्रिकल, फिटर और वेल्डिंग के ट्रेड में तकनीकी कौशल भी तुरामडीह में इसके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीसी) के माध्यम से नियमित रूप से प्रदान किये जाते है।

**कृषि और सिंचाई**– कृषि को बढ़ावा देने के लिए, बड़ा तालसा, हारटोपा और राजदोहा गांव में लिफ्ट सिंचाई सुविधा प्रगति पर है। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर किसानों को उच्च कृषि उत्पादन के लिए अपने खेतों में पानी की नियमित आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। और राजदोहा गांव में लिफ्ट सिंचाई सुविधा प्रगति पर है। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर किसानों को उच्च कृषि उत्पादन के लिए अपने खेतों में पानी की नियमित आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।

**बुनियादी संरचना का विकास**–आपकी कंपनी द्वारा कई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की गई है जैसे मोहुलडीह गांव में कब्रिस्तान का विकास, धतकीडीह में फुटबॉल मैदान का विकास, सांखोई नदी, बागजाता में बाजार का विकास, आदि जो निविदा चरण में है।

**स्वास्थ्य देखभाल**– आपकी कंपनी के आसपास के सभी गांवों में साप्ताहिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए, जहां रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई और साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करायी गईं। कर्नाटक के यादगीर जिले के गोगी प्रोजेक्ट में पिरामल हेल्थकेयर समूह के सहयोग से एक चलंत चिकित्सा शिविर (मोबाइल हेल्थ कैंप) सफलतापूर्वक काम कर रहा है।

**खेल एवं संस्कृति**– प्रत्येक वर्ष की तरह, आपकी कंपनी ने जमशेदपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (जेएसए) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आसपास के गांवों के युवाओं को निःशुल्क फुटबॉल कोचिंग प्रदान किया। स्थानीय स्तर पर अन्य फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए भी आपकी कंपनी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के अपने प्रयास में, आपकी कंपनी ने मुर्गाघटु और नंदूप में जाहेरस्थान की चहारदीवारी का निर्माण कार्य शुरु किया है साथ ही चाटिकोचा स्थित जाहेरस्थान में आरएससी सीढ़ियों का निर्माण कार्य शुरू किया। इसके अलावा, यूसीआईएल द्वारा स्थानीय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

**स्वच्छ भारत** : स्वच्छ भारत पहल के तहत, आपकी कंपनी ने बदिया माध्यमिक विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराया है और इसे जादूगोड़ा मोड में सार्वजनिक शौचालय की सफाई और स्वच्छता के लिए एक अनुबंध भी प्राप्त हुआ है। स्वच्छता पहल को आगे बढ़ावा देने की दिशा में, यूसीआईएल के आवासीय कॉलोनी और कॉलोनी के बाहर के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और यूसीआईएल के सभी इकाइयों में आवासीय क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया। सभी इकाइयों में आवासीय क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया।

सीएसआर कमिटी का गठन इस प्रकार है:

1. डॉ के उमामहेश्वर राव, निदेशक, एनआईटी सुरतकल
2. श्री डी घोष, निदेशक (वित्त)
3. निदेशक (तकनीकी), यूसीआईएल
4. श्री एम एल मजूमदार, आईएएस (सेवानिवृत्त),बाह्य विशेषज्ञ

| पुरस्कार प्राप्तकर्ता | पुरस्कार का स्तर | अवार्डी | पुरस्कार के नाम |
|---|---|---|---|
| यूसीआईएल (यूसिल) | राष्ट्रीय | भारत सरकार (श्रम मंत्रालय) | 47वां अखिल भारतीय बचाव प्रतियोगिता 2016 (13 से 18 दिसम्बर, 2016 एमआरएस नागपुर में)<br>– समग्र विजेता (धातुकर्म खान)<br>– फैब में विजेता(धातुकर्म खान)<br>– बचाव सिद्धांत में उपविजेता टीम (धातुकर्म खान)<br>– प्राथमिक चिकित्सा में उपविजेता टीम (धातुकर्म खान)<br>– रिकवरी कार्य में उपविजेता टीम (धातुकर्म खान)<br>– श्री बी एल डे, यूसीआईएल (धातुकर्म खान) को सर्वश्रेष्ठ कप्तान पुरस्कार |
| यूसीआईएल (यूसिल) | राष्ट्रीय | इंडियन चैंबर ऑफ कॉमस | 6 जुलाई 2016 को नई दिल्ली में यूसीआईएल को पीएसई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। |

**12. कॉरपोरेट अभिशासन:**

कॉरपोरेट अभिशासन से संबंधित एक रिपोर्ट अनुलग्नक –II में दिया गया है।

**13.0 सार्वजनिक जमा :**

आपकी कंपनी ने जनता से समीक्षाधीन अवधि के दौरान कोई जमा राशि स्वीकार नहीं किया है।

**14.0 पारिस्थितिकी और पर्यावरण संरक्षण :**

आपकी कंपनी सतत विकास के लिए पर्यावरणीय जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं की गहरी समझ रखती है। आपकी कंपनी अपनी सभी इकाइयों में पारिस्थितिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देती है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) का स्वास्थ्य भौतिकी इकाई, जादूगोड़ा, नरवापहाड़, तुरामडीह और तुम्मलापल्ले में सभी परिचालनों और इसके परिवेश क्षेत्र की आवधिक रेडियोलॉजिकल और पर्यावरण को मॉनिटर करता है। बाह्य गामा विकिरण, रेडॉन कन्संट्रेशन, स्थगित कण मामलों, एयरबॉर्न लौंग लिव्ड अल्फा एक्टिविटी को हवा में मॉनिटर किया जाता है। सतह और भूजल, मिट्टी, खाद्य पदार्थों और क्षेत्र के कृषि उत्पादन में रेडियो न्यूक्लाइड की सांद्रता इत्यादि की समय–समय पर निगरानी की जाती है। आपकी कंपनी ने सभी इकाइयों के लिए पर्यावरण प्रबंधन और वैधानिक अनुपालन हेतु महाप्रबंधक स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में एक पर्यावरण अभियंत्रण प्रकोष्ठ(ईईसी) की स्थापना की है। सतत विकास की दिशा में, औद्योगिक प्रयोग के लिए सभी खानों के डिस्चार्जों के पुनः उपयोग और पुनरावृत्ति के लिए प्रयास किए गए हैं। संबंधित खानों से माइन डिस्चार्ज एकत्रित करने के लिए निकटतम अयस्क प्रसंस्करण संयंत्रों तक कई पाइपलाइन बिछाए गए हैं। माइन डिस्चार्ज का पूरी तरह से पुनः उपयोग किया जाता है। टाउनशिप से मलजल का निपटान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) में किया जाता है। अयस्क प्रसंस्करण संयंत्रों से प्राप्त अपशिष्ट का उपचार इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) में किया जाता है। जैव चिकित्सा कचरे के निपटान के लिए आपकी कंपनी ने जादूगोड़ा में एक सामान्य कचरा भट्टी स्थापित किया है। आपकी कंपनी ने अयस्क प्रसंस्करण संयंत्रों के रिजेक्ट्स (अवशेष) की सुरक्षित रोकथाम के लिए कचरा निपटान प्रणाली, टेलिंग पॉड का निर्माण किया है। आपकी कंपनी ने अपने खदानों और टेलिंग पौंड के आसपास वेस्ट रॉक डंप के विकासशील उपचार का कार्य शुरु किया है। क्षेत्र के पारिस्थिति की और सौंदर्य को बनाए रखने के लिए, कंपनी विकासशील वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाती है। वर्ष के दौरान, जादूगोडा, बांदुहुरांग, और मोहुलडीह खान क्षेत्रों में 10725 वृक्ष लगाए गए हैं। आपकी कंपनी एक आईएसओ –14001: 2004 प्रमाणित संगठन है। भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली का निर्माण किया गया है। उपर्युक्त के अलावा, आपकी कंपनी आईएसओ –14001: 2004 के अनुसार नरवापहाड़ टाउनशिप की पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का रखरखाव करती है जो कि टीयूवी–नॉर्ड द्वारा प्रमाणित है। आपकी कंपनी कर्मचारियों, निवासियों, छात्रों और अन्य इच्छुक पार्टियों के लिए प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाती है।

**15.0 आईएसओ प्रमाणीकरण :**

आपकी कंपनी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आईएसओ 9001: 2008प्रमाण पत्र, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 14001: 2004 और पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएस –18001: 2007 प्रमाणन को बनाए रखा है। मेसर्स टीयूवी और मेसर्स बीआईएस द्वारा किए गए पुनः प्रमाणन अंकेक्षण में कंपनी को आगामी तीन वर्षों के लिए सफलतापूर्वक आईएसओ 14001–2004 और आईएस 18001–2007 से पुनः प्रमाणित किया गया है। जोखिम मूल्यांकन और प्रबंधन को भी आईएस –18001: 2007 प्रमाणीकरण के तहत शामिल किया गया है।

**16. लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्योग (एसएमई)**

आपकी कंपनी समाज के समेकित विकास की दिशा में अपने आसपास के क्षेत्रों के लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका को सम्मानित करती है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने विभिन्न उपकरणों के पुर्जों के स्वदेशीकरण में सफलता हासिल करने के लिए विभिन्न लघु और मध्यम

स्तरीय उद्योगों को समर्थन देना जारी रखा है और इस प्रकार बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत की है। 2016–17 के दौरान 28.96 करोड़ रुपए (पिछले वर्श 33.73 करोड़) मूल्य का आदेश एसएमई पर दाखिल किया गया था।

**17. विदेश भ्रमण**

वर्ष के दौरान विदेश यात्रा पर 2.86 लाख रुपये खर्च हुआ जबकि पिछले वर्ष 0.80 लाख रुपये खर्च हुआ था।

**18. विज्ञापन और प्रचार**

वर्ष के दौरान, विज्ञापन और प्रचार पर 465.28 लाख रुपये व्यय हुआ, जबकि विगत वर्ष यह 287.74 लाख रुपये था। यह खर्च अधिकतर नई नियुक्तियों, निविदा संबंधी सूचनाओं आदि के प्रसारण हेतु विज्ञापनों पर किया गया था। आपकी कंपनी विज्ञापन और प्रचार के लिए अपनी वेबसाइट के उपयोग में वृद्धि के प्रति प्रगतिशील है।

**19. हिंदी का प्रगामी प्रयोग**

राजभाषा अधिनियम और नियमों को लागू करने के लिए भारत सरकार की नीति के अनुसरण में, वर्ष 2016–17 के दौरान औपचारिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार हर तरह के प्रयास किए गए। राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपरोक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगति की समय–समय पर समीक्षा करती रहती है। दिनांक 14 से 20 सितंबर, 2016 के दौरान ''हिंदी सप्ताह'' का भी आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान, कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें नकद प्रोत्साहन के साथ पुरस्कृत किया गया। हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए कंपनी की सभी इकाइयों में नियमित रूप से तथा समय समय पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। कार्यशाला को आकर्षक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कंपनी के बाहर से हिंदी के अच्छे अच्छे वक्ताओं को हिन्दी कार्यशाला में आमंत्रित किया जाता है। वर्ष 2016–17 के दौरान कंपनी द्वारा आयोजित उत्कृष्ट हिंदी कार्यशाला को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यूसीआईएल ने यह पुरस्कार लगातार चौथी बार प्राप्त किया है। पिछले वर्ष भी आपकी कंपनी को इस क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**20. क) लेखा परीक्षकों की नियुक्ति**

वित्तीय वर्श 2017–18 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा मेसर्स अग्रवाल रमेश के ऐंड कंपनी, चाटर्ड अकाउंटेंट्स, 14 आरजेएस बिल्डिंग, प्रथम तल्ला, डायग्नल रोड, बिस्टुपुर, जमशेदपुर, झारखंड–831001 को सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

**ख) लागत लेखा परीक्षा**

वित्त वर्ष 2015–16 और 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम के तहत मेसर्स एस कर्मकार ऐंड कंपनी लेखा परीक्षाओं को लागत अंकेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया साथ ही वर्ष 2015–16 के लिए लागत अंकेक्षण रिपोर्ट भी भरा गया। 2016–17 के लिए लागत अंकेक्षण रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है।

**21. सतर्कता**

संगठन के निर्धारित नियमों और विनियमों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करके आपकी कंपनी निवारक सतर्कता के एक उच्च मानक को बरकरार रखती है। सीवीसी के दिशा निर्देश जब भी प्राप्त होते हैं, उन्हें सख्ती से कार्यान्वित किया जाता है। सभी प्रकार के निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) को कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है और साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है। पारदर्शिता में सुधार के लिए, आपकी कंपनी के लिए बोर्ड ने ''इंटीग्रिटी पैक्ट'' के साथ ही धोखाधड़ी निरोधक नीति/व्हीसल ब्लोअर नीति को मंजूरी दी है जिसे कंपनी के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है और इसे कार्यान्वित किया गया है। वर्ष के दौरान, आवधिक रिपोर्ट/रिर्टन केन्द्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत किए गए हैं। आपकी कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करते हैं। आपकी कंपनी में 31 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसका थीम था –

''ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को खत्म करने में सार्वजनिक भागीदारी।''

## 22. निदेशकों की नियुक्ति:

| निदेशकों के नाम | दिनांक.....से प्रभावी |
|---|---|
| श्री एम ए इनबरासु<br>संयुक्त सचिव (आई ऐंड एम),<br>परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) | 22.06.2017 |
| श्री एल के नंदा, निदेशक<br>परमाणु खनिज अन्वेशण एवं<br>अनुसंधान निदेषालय (एएमडी) | 08.12.2016 |

## निदेशकों का समापन:

| | |
|---|---|
| डॉ ए के राय<br>निदेशक, एएमडी | 30.11.2016 |
| श्री आर ए राजीव<br>संयुक्त सचिव (वित्त), डीएई | 12.04.2017 |
| श्री संजीव सूद<br>संयुक्त सचिव (आई ऐंड एम) | 09.05.2017 |

निदेशकगण डॉ ए.के.राय, आर.ए राजीव और संजीव सूद द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य सेवाओं के लिए उनकी सराहना करते हैं।

### 23. दृष्टिकोण

आपकी कंपनी ने देश के विकासशील परमाणु कार्यक्रम की ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की है। सिंहभूम में मौजूदा इकाइयों में अपनी उत्पादन क्षमता को अधिकतम करने के लिए कई उपायों और डेबट्लनेकिंग परियोजनाओं की शुरुआत की जा रही हैं। तुम्मलापल्ले में पुनः विघटन प्रणाली सुविधा को सफलतापूर्वक पूरा और कार्यान्वित किया गया है। पुनः विघटन प्रणाली सुविधा की कमिशनिंग के साथ, संयंत्र ने 2016–17 की अंतिम तिमाही में पहले ही 70 प्रतिशत से अधिक प्रसंस्करण क्षमता दर्ज किया है। इस परियोजना को, इसके सफल संचालन के साथ अब जनवरी 2017 के प्रभाव से पूंजीकृत किया गया है। यह देश के यूरेनियम उत्पादन में बहुआयामी वृद्धि के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। तुम्मलापल्ले के आसपास क्षमता विस्तारण और नई खानों एवं संयंत्रों के निर्माण की योजना भी बनाई गई है। आपकी कंपनी ने अगले पंद्रह वर्षों में देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में बहुमूल्य वृद्धि के लिए डीएई की महत्वाकांक्षी योजना के अनुरूप यूरेनियम उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए नई खानों और संयंत्रों की स्थापना के लिए कई नए क्षेत्रों की पहचान की है।

स्थानीय आबादी की सेवा और उनके जीवन में परिवर्तन लाना हमेशा से आपकी कंपनी का मार्गदर्शी दर्शन रहा है। राजस्थान में रोहिल, कर्नाटक में गोगी, मेघालय में केपीएम और तेलंगाना में लांबापुर में कंपनी के संभावित उत्पादन केंद्रों के आसपास रहनेवाले स्थानीय निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं तथा यूरेनियम खनन के दुष्प्रभावों के मिथकों को दूर करने की दिशा में प्रयासों का विस्तार किया जा रहा है।

### 24. निदेशकों का उत्तरदायित्व संबंधी विवरण:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार, आपके निदेशकों का कहना है कि

(i) वार्षिक प्रतिवेदन की तैयारी में, लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है।

(ii) आपके निदेशकों ने उन्हीं लेखा नीतियों को अपनाया है जोआमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के लिए मान्य हैं। इसे संगतरूप से अपनाया गया है तथा इसके साथ न्याय एवं मूल्यांकन किया गया है जो कि विवेकसंगत तथा न्यायपूर्ण हैं जिससे कि वित्तीय वर्ष के अंत में तथा उसी अवधि में कंपनी के लाभ या हानि के संबंध में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके।

(iii) आपके निदेशकों ने आपकी कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु एवं धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अभिलेखा रखने में मुख्य रूप से सावधानी बरता है।

(iv) आपके निदेशकों ने ''चालू संस्थान'' के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

## 25.0 आभार प्रदर्शन

आपकी कंपनी परमाणु ऊर्जा विभाग, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, नाभिकीय ईंधन समिश्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, झारखंड सरकार, आंध्र प्रदेश सरकार, तेलंगाना सरकार, राजस्थान सरकार, मेघालय सरकार, कर्नाटक सरकार, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग तथा अन्य मंत्रालयों और भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, संवैधानिक लेखापरीक्षकों और मुख्य वाणिज्यिक लेखा परीक्षा निदेशक एवं पदेन सदस्य, ऑडिट बोर्ड –4, नई दिल्ली, बैंकर्स एवं सभी अन्य एजेंसियां जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आपकी कंपनी से संबंधित हैं, द्वारा प्राप्त निरंतर मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट करती है। आपकी कंपनी सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर माइनिंग ऐंड फ्यूल रिसर्च, धनबाद, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स ऐंड ग्राउंड कंट्रोल, कोलार, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर और इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद से प्राप्त प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता की दिशा में वैज्ञानिक और अभियंत्रण सहयोग की भी बेहद प्रशंसा करती है। आपकी कंपनी, कर्मचारियों की ईमानदारी और कड़ी मेहनत, कर्मचारी संघों और कंपनी के अधिकारियों के एसोसिएशन और यूसीआईएल की इकाईयों के आसपास निवास करने वाले समुदायों, स्थानीय मीडिया, गैर सरकारी संगठनों और समुदाय के विशिश्ट नागरिकों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए भी आभार प्रकट करती है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से
**(सी के असनानी)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

शिलांग
दिनांकः 23 सितंबर 2017

## निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक - I

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के अंतर्गत अपेक्षित विवरण

**क) ऊर्जा का संरक्षण**

**क) ऊर्जा के संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपायों को लागू / कार्यान्वित किया गया**

I) नरवापहाड़ अस्पताल (प्रक्रियाधीन) के लिए 5 केडब्ल्यूपी क्षमता और नरवापहाड़ माइंस ऑफिस (प्रक्रियाधीन) के लिए 20 केडब्ल्यूपी क्षमता वाले रूफ टॉप ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों का संस्थापन।

ii) एलईडी लाइटिंग फिक्सचर्स का उपयोग और सोलर स्ट्रीट लाइट्स का संस्थापन।

iii) ऊर्जा कुशल मोटर्स का उपयोग।

**ख) ऊर्जा की खपत में कमी लाने के लिए अतिरिक्त निवेश के साथ निम्नलिखित प्रस्तावों को लागू किया जा रहा हैं :**

I) ऊर्जा की बचत करने वाले प्रकाश पैनलों का संस्थापन।

ii) कुल 25 केडब्ल्यूपी क्षमता के ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों कासंस्थापन।

iii) ऊर्जा कुशल मोटर्स का उपयोग।

iv) एलईडी लाइटिंग फिक्सचर्स का उपयोग और सोलर स्ट्रीट लाइट्स का संस्थापन।

v) कंप्रेसर मोटर के कूलिंग टॉवर में वीवीवीएफ ड्राइव का संस्थापन।

**ग)(क) और (ख) उपायों को अपनाएं जाने के बाद प्रभाव**

(क) और (ख) में उठाए गए उपायों के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप, यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्रों में बिजली की खपत में धीरे–धीरे कमी आएगी।

## विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं उपयोग

आपकी कंपनी किसी भी निर्यात कारोबार में संलग्न नहीं है। तथापि, सीआईएफ आधार पर वर्ष के दौरान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं आदि की खरीद के लिए 950 लाख रुपये (पिछले वर्ष 152.44 लाख रुपये) विदेशी मुद्रा का उपयोग किया गया।

## प्रपत्र – बी

अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी को ग्रहण करने के संबंध में विवरण के प्रकटीकरण के लिए प्रपत्रः

### अनुसंधान एवं विकास (आर ऐंड डी)

**विशेष क्षेत्र जहां अनुसंधान एवं विकास कार्य किया गया :**

क) इनहाउस आर ऐंड डी के माध्यम से उत्पाद प्रेसिपिटेशनके दौरान पेरॉक्साइड खपत में कमी

ख) बांदुहुरांग ओपन कास्ट माइन में व्हील वॉशिंग सिस्टम

### उपरोक्त अनुसंधान एवं विकास कार्य के परिणामस्वरूप प्राप्त लाभ :

(i) लगभग 11% पेरॉक्साइड खपत हासिल की गई है। खपत को आगे और कम करने के लिए कार्य प्रगति पर है।

(ii) यह प्रणाली डंपरों को चलाने से उत्पन्न धूल को दबाने में मदद करेगा और इस तरह यह रेडॉन गतिविधियों को नियंत्रित करेगा। इससे वायु प्रदूषण के नियंत्रण और उन्मूलन में भी मदद मिलेगी जिससे स्वस्थ कामकाजी माहौल सुनिश्चित होगा और डंपर के टायर के जीवनकाल को बढ़ाकर उत्पादकता में सुधार किया जा सकेगा।

**भविष्य की रूपरेखा**

अ) तुरामडीह प्रसंस्करण संयंत्र में कम पेरॉक्साइड खपत की योजना का कार्यान्वयन

| वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय | - | - | 225.63 | 225.63 |
| शेयर का निर्गमन | (1,900.00) | - | - | (1,900.00) |
| प्राप्त शेयर आवेदन रकम | 2,600.00 | - | - | 2,600.00 |
| प्रदत्त लाभांश | - | - | (164.00) | (164.00) |
| लाभांश वितरण कर (डी.डी.टी.) | - | - | (33.39) | (33.39) |
| रोके हुए आय से स्थानांतरण | - | 3,064.00 | - | 3,064.00 |
| सामान्य रिजर्व में स्थानांतरण | - | - | (3,064.00) | (3,064.00) |
| **31 मार्च 2016 को** | **2,600.00** | **14,336.03** | **31,906.48** | **48,842.51** |
| वर्ष के लिए लाभ | - | - | 12,793.88 | 12,793.88 |
| वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय | - | - | (175.53) | (175.53) |
| शेयर का निर्गमन | (2,600.00) | - | (2,600.00) | |
| प्रदत्त लाभांश | - | - | 3,064.00) | (3,064.00) |
| लाभांश वितरण कर (डी.डी.टी.) | - | - | (623.77) | (623.77) |
| रोके हुए आय से स्थानांतरण | - | - | - | - |
| सामान्य रिजर्व में स्थानांतरण | - | - | - | - |
| **31 मार्च 2017 को** | **-** | **14,336.03** | **40,837.07** | **55,173.10** |

साथ के ये नोट इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न हिस्सा है :

हमारी संलग्न समतिथि की रिपोर्ट के अनुसार
**अग्रवाल रमेश के एवं कंपनी के लिए**
चार्टर्ड अकाउंटेंटस
फर्म रजिस्ट्रेशन संख्या–004617C

कृते बोर्ड की ओर से

**रमेश कुमार अग्रवाल**
पार्टनर
सदस्यता संख्या–072918
स्थान – कोलकाता
तिथि – 19 जुलाई 2017

**बी.सी. गुप्ता**
कंपनी सचिव

**देवाशिष घोष**
निदेशक (फाइनांस)

**सी.के. असनानी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## 1. निगमित सूचना

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल) एक लोक कंपनी हैए जो शेयरों द्वारा सीमित है जिसे 4 अक्तूबर 1967 को निगमित किया गया और जो भारत में अधिवासित है। यह परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र का एक लोक उपक्रम है। जिसका परमाणु ऊर्जा चक्र की अग्रिम पंक्ति में विशेष महत्व है। प्रेशराइज्ड हेवी वॉटर रिएक्टर के लिए यूरेनियम की आवश्यकताओं की पूर्ति करनेवाला यूसिल देश में नाभिकीय ऊर्जाँ के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूसीआईएल एक आईएसओ 9001 : 2008 : 14001 : 2004 और आईएस 18001 : 2007 कंपनी है और इसने अपनी खदानों एवं प्रसंस्करण संयंत्रों के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियाँ अपनायी हैं।

## 2. महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ

### 2.1 तैयारी का आधार

ये वित्तीय विवरण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम"), परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और अन्य प्रयोज्य सांविधिक अधिनियमों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय लेखा मानक के तहत तुलनात्मक सूचनाओं से युक्त इस प्रकार के वित्तीय विवरण पहली बार तैयार किये गये हैं। 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष तक के वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा मानक) नियम, 2006 (यथा संशोधित) और इस अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत अधिसूचित भारत के सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत (Indian GAAP) के अनुसार तैयार किए गए थे।

कंपनी ने सभी भारतीय लेखांकन मानकों को अपनाया है और यह अनुपालन भारतीय लेखांकन मानक 101 'भारतीय लेखांकन मानक के प्रथम बार अनुपालन' के अनुरूप किया गया है। लेखांकन नीतियाँ वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत लगातार सभी अवधियों के लिए लागू की जाती है, जिनमें ओपनिंग भारतीय लेखांकन मानक बैलेंस शीट शामिल है, क्योंकि 1 अप्रैल, 2015 भारतीय लेखांकन मानक में परिवर्तित होने की तिथि है। पूर्ववर्ती सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) से भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) में परिवर्तन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह को किस प्रकार प्रभावित किया है इसकी व्याख्या के लिए टिप्पणी 37 देखें।

### 2.2 माप का आधार

इन वित्तीय विवरणों को चालू व्यवसाय की अवधारणा और संचय के आधार पर तथा ऐतिहासिक लागत की परंपरा के तहत तैयार किया गया है, केवल निम्नलिखित मामलों को छोड़कर:

- मेडिकल स्टोर, खेल सामग्रियाँ तथा कैंटीन और गेस्ट हाउस के लिए प्रावधान नकद आधार पर किया जाता है अर्थात उन्हें खरीद के समय व्यय में शामिल किया जाता है,
- परिभाषित लाभ योजना – उचित मूल्य पर मापी गयी योजना परिसंपत्ति और
- उचित मूल्य पर मापे गये खनन बंदी दायित्व।

### 2.3 अनुमानों और निर्णयों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के दौरान इस्तेमाल किये गये अनुमानों और निर्णयों (estimates and judgments) का कंपनी द्वारा निरंतर मूल्यांकन किया जाता है और यह ऐतिहासिक अनुभव और विभिन्न अन्य मान्यताओं और कारकों (भविष्य की घटनाओं की संभावनाओं सहित) पर आधारित हैं, जिन्हें कंपनी मौजूदा परिस्थितियों के तहत उचित समझती है। वास्तविक परिणामों और अनुमानों के बीच के अंतर को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें परिणाम ज्ञात / प्रकट होते हैं।

उक्त अनुमान वैसे तथ्यों और घटनाओं पर आधारित हैं, जो रिपोर्टिंग की तिथि को विद्यमान थीं, या उस तिथि के बाद घटित हुई लेकिन रिपोर्टिंग की तिथि को विद्यमान स्थितियों के बारे में अतिरिक्त साक्ष्य उपलब्ध कराती हैं

### 2.4 कार्यात्मक मुद्रा और विदेशी मुद्रा अंतरण

#### क. कार्यात्मक और आस्तुति मुद्रा

कंपनी की रिपोर्ट की गई मुद्रा और उसके अधिकांश संचालनों के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपयों (₹) में है, जो उस आर्थिक परिवेश की मुख्य मुद्रा है, जिसमें कंपनी काम करती हS, और इसे 'लाख रुपये' में दो दशमलव बिंदु तक राउंड-ऑफ किया गया है, यदि इससे इतर कुछ और न घोषित किया गया हो तो।

#### ख. लेनदेन और शेष

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को ऐन लेनदेन की तारीख को लागू विनिमय दर का उपयोग करते हुए कंपनी की रिपोर्ट की गई मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में वर्णित मौद्रिक

परिसंपत्तियों और देनदारियों का अनुवाद रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू विनिमय दरों पर किया जाता है। विदेशी मुद्रा में वर्णित गैर–मौद्रिक सामग्रियों का मूल्यांकन लेन–देन की तिथि पर लागू विनिमय दरों पर किया जाता है।

मौद्रिक परिसंपत्तियों और देनदारियों के निपटारे या मुद्रा की परिसंपत्तियों और देनदारियों को, शुरुआती मान्यता के दौरान या पिछले वित्तीय विवरणों में अनुवादित करने की दर से भिन्न दर पर, अनुवादित करने की वजह से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती ह, और पूंजीगत परसंपत्ति के मामले में उत्पन्न होने वाली अंतर को अचल संपत्तियों / पूंजी में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

### 2.5 वर्तमान और गैरवर्तमान वर्गीकरण

सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों को, जब वे कंपनी के सामान्य संचालन चक्र, अर्थात बारह माह, के भीतर देय होती हैं, वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। अन्य सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

### 2.6 संपति, संयंत्र और उपकरण

भारतीय लेखांकन मानक 101 के अनुच्छेद D7AA के अनुसार, पहली बार अनुपालन करनेवाले के रूप में, कंपनी ने पिछले सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) के अनुसार परिवर्तन तिथि को संपत्ति, प्लांट और उपकरण के जारी रखे जानेवाले मूल्य (carrying value) को ही जारी रखने और उसे डि–कमीशनिंग देनदारियों से संबंधित आवश्यक समायोजन के बाद डीम्ड लागत के रूप में इस्तेमाल करने के विकल्प को चुना है।

फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड ज़मीन को ऐतिहासिक लागत पर आगे ले जाया जाता है। ऐतिहासिक लागत में शामिल होते हैं वैसे व्यय जिनका संबंध भूमि अधिग्रहण से जोड़ा जा सकता है, जैसे कि पुनर्वास खर्च, पुनर्वास लागत और संबंधित विस्थापित व्यक्तियों पर खर्च की गयी मुआवजा राशि इत्यादि।

नई खदान की स्थापना पर होनेवाले व्यय को नयी खदान के ऐसे निर्माण के दौरान उत्पादित अयस्क से हुई आमदनी को घटाने के बाद पूँजीकृत किया जाता है।

सिस्टम सॉफ्टवेयर को संबंधित संपत्तियों के साथ पूँजीकृत किया जाता है।

अन्य सभी संपत्तियों, संयंत्रों और उपकरणों को ऐतिहासिक लागत घटाव संचित मूल्यह्रासऔर संचित क्षति हानि के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है। लागत में शामिल हैं परियोजनाओं से संबंधित पूर्व-परिचालनात्मक व्यय, वैसे खर्च जो सीधे संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के अधिग्रहण या स्वतःनिर्माण से संबंधित हैं, एवं एरेक्शन / इंस्टॉलेशन पर किया गया व्यय तथा परिसंपत्तियों को उनके असली उद्देश्य के अनुसार काम करने की स्थिति में लाने पर हुआ अन्य संबंधित खर्च।

कंपनी द्वारा, उत्पादन, वस्तुओं की आपूर्ति या कंपनी के किसी भी वर्तमान परिसंपत्तियों तक पहुँचने के लिए आवश्यक कुछ परिसंपत्तियों के निर्माण / विकास पर किये गये पूंजीगत व्यय को, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के तहत सक्षमकारी परिसंपत्तियों के रूप में मान्यता दी जाती है।

जब भी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी सामग्री (आइटम) के महत्वपूर्ण हिस्सों की उपयोगी आयु अलग–अलग होती है, तब उन्हें संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की पृथक सामग्रियों के रूप में लेखांकित किया जाता है।

दैनिक सर्विसिंग पर आनेवाली लागत, जिसे मरम्मत और रखरखाव के रूप में वर्णित किया जाता है, को उस अवधि के लाभ और हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, जिसमें उसे खर्च किया गया हो।

संपत्ति, प्लांट और उपकरण के पहले से ही पूँजीकृत मद पर होनेवाले परवर्ती व्यय को तब पूँजीकृत किया जाता है जब यह किसी मौजूदा मद के संभावित आर्थिक लाभों को बढ़ाता है, और इसे भविष्यद अपेक्षी रूप से अवमूल्यित किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के किसी मद के निपटान या उसे सेवा से हटाये जाने पर होने वाले किसी भी लाभ या हानि को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

इन्श्योरेंस स्पेयर्स, जिनका इस्तेमाल केवल संपत्ति, संयंत्र या उपकरण एवं उनके उपयोग के किसी मद के सिलसिले में ही किया जा सकता है और जिनका उपयोग अनियमित रहने की संभावना होती है, को पूँजीकृत किया जाता है। आपातोपयोगी उपकरणों को संपत्ति, संयंत्र या उपकरण के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि वे उत्पादन या माल या सेवाओं की आपूर्ति में इस्तेमाल के लिए रखे गये हों और यदि उन्हें एक से ज्यादा अवधि के दौरान इस्तेमाल किये जाने की उम्मीद हो; अन्यथा ऐसी संपत्तियां इन्वेंट्री के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं।

### 2.7 पट्टे

ऐसे पट्टे को, जो कंपनी के स्वामित्व से संबंधित सभी जोखिमों एवं प्रतिफलों को, काफी हद तक, स्थानांतरित कर देता है, वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। वैसे पट्टों को, जिनमें स्वामित्व के जोखिमों और प्रतिफलों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को पट्टादाता द्वारा अपने पास रख लिया जाता है, संचालित पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। एक पट्टे को प्रारंभ की तिथि को ही वित्त पट्टा या

संचालित पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

वित्त पट्टों को, प्रारंभ तिथि पर पट्टे की शुरुआत में, पट्टे पर दी गयी संपत्ति के उचित मूल्य के आधार पर पूँजीकृत किया जाता है। संचालित पट्टा भुगतानों को, पट्टा अवधि के दौरान, लाभ व हानि के विवरण में सीधी रेखा पर आधारित एक व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

## 2.8 अवमूल्यन

संपत्ति, संयंत्र या उपकरण से संबंधित अवमूल्यन, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्दिष्ट उपयोगी जीवन के आधार पर, सीधी रेखा विधि से, या कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों के तकनीकी अनुमानों के आधार पर प्रदान किया जाता है। जिन परिसंपत्तियों के लिए तकनीकी अनुमान पर अवमूल्यन प्रदान किया गया है वे नीचे उल्लिखित हैं:

- ❖ सड़क, पुल और कल्वर्ट्स : 30 साल
- ❖ शाफ्ट और डिक्लाइन : 21 साल
- ❖ इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन्स : पन्द्रह साल
- ❖ संयंत्र और मशीनरी (मिल) : 8.5 - 9.5 वर्ष (ट्रिपल शिफ्ट के आधार पर)
- ❖ आवासीय भवन तुरामडीह : 45 साल

ओपनकास्ट माइन के विकास, ओवरबर्डन को हटाने और कमीशनिंग की तारीख तक माइनिंग बेंच को तैयार करने के लिए किये गये व्यय को खदान की पूरी आयु के दौरान परिशोधित किया जाता है।

एक वित्तीय वर्ष में टेलिंग डेम (स्लाइम डैम) को ऊँचा करने के काम के पूरा किये गये हिस्से को पूंजीकृत किया जाता है और तकनीकी आकलन के अनुसार इस ऊँचाई की उपयोगी आयु के दौरान अवमूल्यित किया जाता है।

ऐसे जोड़ने के काम या विस्तार को, जो मौजूदा परिसंपत्तियों का अभिन्न हिस्सा बन जाते हैं, उस परिसंपत्ति के शेष उपयोगी आयु के दौरान अवमूल्यित किया जाता है।

सरकारी भूमि, निजी भूमि, और टेलिंग पोंडस के निर्माण के लिए इस्तेमाल की जानेवाली वन भूमि को टेलिंग पोंडस की उपयोगी आयु के दौरान अवमूल्यित किया जाता है।

पट्टे पर अधिग्रहित, किंतु अन्य प्रयोजनों के लिए इस्तेमाल की जा रही, सरकारी भूमि को परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन और पट्टे की अवधि में जो सबसे कम हो उतने अवधि के दौरान अवमूल्यित किया जाता है, यदि इस बात की पर्याप्त निश्चितता न हो कि कंपनी पट्टा अवधि के अंत में स्वामित्व प्राप्त कर लेगी।

इंश्योरेन्स स्पेयर्स को संबंधित परिसंपत्तियों के शेष उपयोगी आयु के दौरान अवमूल्यित किया जाता है, उस दर पर जो वर्तमान परिसंपत्तियों पर लागू होती है, और मौजूदा परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से लेकर इंश्योरेंस स्पेयर्स के अधिग्रहण की तारीख तक के अवमूल्यन परिमाण को अधिग्रहण के वर्ष घटा दिया जाता है।

परिसंपत्तियों के अवशिष्ट मूल्यों और परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन की समीक्षा की जाती है, और यदि उपयुक्त हो, तो प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजित कर दिया जाता है।

वर्ष के दौरान जोड़ी/हटायी गयी परिसंपत्तियों को प्रो–रेटा (यथानुपाती) आधार पर, अधिग्रहण/कमीशन के लिए महीने का पहला दिन और निपटान के लिए महीने का आखिरी दिन लेते हुए, अवमूल्यित किया जाता है।

## 2.9 अमूर्त संपति और परिशोधन

भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) को अपनाने की तिथि पर, कंपनी ने, पिछले सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) के अनुसार अमूत परिसंपत्तियों को, भारतीय लेखांकन मानक 101 के अनुरूप डीम्ड लागत समझने का विकल्प चुना है।

शुरुआती मान्यता में, अमूर्त संपत्तियों को लागत के आधार पर मान्यता दी जाती है। शुरुआती मान्यता के बाद, अमूर्त संपत्तियों को लागत घटाव किसी भी प्रकार का संचित परिशोधन एवं संचित क्षति हानि के साथ आगे ले जाया जाता है।

पहले से ही ही पूँजीकृत अमूर्त परिसंपत्तियों पर होनेवाले परवर्ती व्यय को तब पूँजीकृत किया जाता है जब यह किसी मौजूदा परिसंपत्ति में निहित संभावित आर्थिक लाभों को बढ़ाता है और इसे भविष्य दअपेक्षी रूप से परिशोधित किया जाता है।

आंतरिक उपयोग के लिए अधिग्रहित सॉफ्टवेयर जो संबंधित हार्डवेयर का अभिन्न हिस्सा नहीं है, जो भविष्य में महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ दे सकता है, को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में तब मान्यता दी जाती है, जब वह इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाता है।

पहचानने योग्य अमूर्त परिसंपत्तियों, जैसे कि भूमि के उपयोग के अधिकार, के लिए भुगतान की गयी राशि को चुकायी गयी राशि के उपयुक्त मूल्य पर पूँजीकृत किया जाता है और इसे लागत घटाव संचित अवमूल्यन व क्षति मूल्य के रूप में दर्ज किया जाता है। अमूर्त संपत्तियों को (परिमित आयु वाली) लागत मॉडल के अनुसार एक सीधी रेखा के आधार पर उनके अपेक्षित उपयोगी आयु के दौरान परिशोधित किया जाता है।

व्यावसायिक गतिविधियों का मतलब है क्रियान्वयन के निष्कर्ष या व्यावसायिक उत्पादन या इस्तेमाल शुरू होने

से पूर्व नयी या काफी हद तक सुधारी गयी सामग्रियों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों की किसी योजना या डिजाइन का ज्ञान। लागत को पांच वर्षों के दौरान सीधी रेखा के आधार पर परिशोधित किया जाएगा।

### 2.10 पूँजीगत कार्य आगति पर

प्रगति में पूँजीगत कार्यमें शामिल हैं परिसंपत्तियों के अधिग्रहण और निर्माण के लिए व्यय, और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत, जो अबतक अपने निर्धारित उपयोग के लिए तैयार नहीं है।

### 2.11 खदान बंदी स्थल पुनरुद्धार और डिकमीशनिंग दायित्व

भारतीय लेखांकन 101 के अनुच्छेद डी 21 के अनुसार, पहली बार अनुपालन करनेवाले के तौर पर, कंपनी डी–कमीशनिंग देयता को भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार मापती है, भारतीय लेखांकन मानक में परिवर्तन की तिथि तक।

डि–कमीशनिंग लागतों को देयता का निपटारा अनुमानित कैश फ्लो के जरिए करने के लिए अपेक्षित लागत के वर्तमान मूल्य पर प्रदान किया जाता है और इन्हें प्रासंगिक परिसंपत्तियों की लागत के भाग के रूप में पहचाना जाता है। कैश फ्लो को मौजूदा कर पूर्व दर से डिस्काउंट किया जाता है, जो पैसे के समय–मूल्य के वर्तमान बाजार मूल्यांकन को दर्शाता है। डिस्काउंट के अनवाइंडिंग को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में दर्शाया जाता है। अनुमानित भविष्य की लागतों या लागू किये गये डिस्काउंड रेट में हुए परिवर्तन को परिसंपत्ति की लागत में जोड़ा या घटाया जाता है। खदान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के अनुसार खदान की बंदी और पर्यावरण के पुनरुद्धार के दायित्व को पूरा करने के दायित्व को मैसर्स मेकॉन लिमिटेड द्वारा तकनीकी तौर पर अनुमानित किया गया है।

### 2.12 गैरवित्तीय परिसंपतियों की क्षति

परिसंपत्तियों की आगे ले जाने वाली राशि की समीक्षा प्रत्येक बैलेंस शीट तिथि को की जाती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किसी प्रकार की क्षति के संकेत हैं या नहीं। यदि कोई संकेत मौजूद है, तो उस परिसंपत्ति से प्राप्त की जानेवाली राशि का अनुमान लगाया जाता है। जहाँ कहीं भी किसी परिसंपत्ति की आगे ले जानेवाली राशि वसूली जानेवाली राशि से ज्यादा होती है इसे क्षति हानि माना जाता है। वसूली योग्य राशि परिसंपत्ति के बिक्री मूल्य और उपयोग किये जा रहे मूल्य में से जो ज्यादा हो वही होती है। उपयोग किये जा रहे मूल्य का आकलन करने के लिए अनुमानित भविष्य के नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य तक डिस्काउंट किया जाता है।

आगे ले जाने वाली राशि को वसूली योग्य राशि तक कम कर दिया जाता है और इस कमी को लाभ और हानि के विवरण में क्षतिकारी हानि के रूप में मान्यता दी जाती है। पहले से मान्यता प्राप्त क्षति–हानि को परिस्थितियों में परिवर्तन के आधार पर बढ़ाया या घटाया जाता है। हालांकि, क्षति हानि को घटाकर आगे ले जायी जानेवाली उस राशि से ज्यादा तक नहीं लाया जाता है, जिसे निर्धारित किया जाता (परिशोधन या अवमूल्यन की शुद्ध राशि) यदि उसके पूर्व वर्ष में कोई भी क्षति–हानि को मान्यता नहीं दी जाती। क्षति के बाद, अवमूल्यन क्षतिग्रस्त परिसंपत्ति के संशोधित आगे ले जाये जानेवाले मूल्य पर उसकी शेष बची उपयोगी आयु के दौरान प्रदान किया जाता है।

### 2.13 वित्तीय प्रपत्र

वित्तीय साधन एक ऐसा अनुबंध है, जो एक इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य संस्था की वित्तीय देनदारी या इक्विटी उपकरण को जन्म देता है।

#### क. वित्तीय परिसंपत्ति

कंपनी की वित्तीय संपत्ति में नकद और बैंक बैलेंस, ऋण और कर्मचारियों को दिये गये अग्रिम, व्यापार प्राप्तियां और सुरक्षा जमा शामिल हैं। व्यापार प्राप्तियों को उनके लेनदेन मूल्य पर मापा जाता है।

निर्धारित परिपक्वता रहित सुरक्षा जमा को उस मूल्य पर आगे ले जाया जाता है जिसपर इसे अनुबंध समाप्त होने पर प्राप्त किया जाएगा और यही वह राशि है जो वास्तव में भुगतान की जाती है। वह समयावधि, जिस पर रकम प्राप्त की जाएगी, अनिर्णीत है क्योंकि वह रकम तब प्राप्त होगी जब अनुबंध समाप्त किया जा रहा होगा। डिस्काउंटिंग को हटा दिया जाता है, क्योंकि समयावधि निर्धारण योग्य नहीं होती है।

#### वित्तीय परिसंपत्तियों की मान्यता-समाप्ति

एक वित्तीय संपत्ति की मान्यता को केवल तभी समाप्त समझा जाता है जब

- कंपनी ने वित्तीय संपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया हो, या
- उसने वित्तीय संपत्ति का नकदी प्रवाह प्राप्त करने के लिए आनुबंधिक अधिकारोंको बरकरार रखा हो, लेकिन एक या उससे अधिक प्राप्तकर्ताओं को नकदी प्रवाह का भुगतान करने के लिए अनुबंध संबंधी दायित्व स्वीकार करती हो।

#### ख. वित्तीय देनदारियाँ

कंपनी की वित्तीय देनदारियां ऐसी परिस्थिति में जो कंपनी के लिए संभावित रूप से प्रतिकूल हैं, किसी अन्य इकाई को नकद या कोई और वित्तीय परिसंपत्ति देने या वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देनदारियों का उन इकाइयों के

साथ विनिमय करने का संविदात्मक दायित्व है।
कंपनी की वित्तीय देनदारियों में ऋण और उधार, व्यापार और अन्य भुगतान शामिल हैं इन्हें अपने लेनदेन मूल्य पर मान्यता दी जाती है।

**वित्तीय देनदारियों की मान्यता-समाप्ति**

एक वित्तीय देनदारी की मान्यता तब समाप्त हो जाती है जब देयता के तहत दायित्व का निर्वहन कर दिया जाता है, उसे रद्द कर दिया जाता है या उसकी समयसीमा खत्म हो जाए। किसी वित्तीय दायित्व की आगे ले जानेवाली राशि, जिसे किसी अन्य पक्ष को शमित या स्थानांतरित किया गया हो, एवं भुगतान किये गये मूल्य, जिसमें स्थानांतरित गैर–नकदी परिसंपत्तियाँ एवं स्वीकार की गयी देनदारियाँ शामिल हैं, को लाभ व हानि के विवरण में अन्य आय या वित्त लागत के रूप में मान्यता दी जाती है।

**वित्तीय साधनों का समायोजन**

वित्तीय परिसंपत्तियाँ और वित्तीय देनदारियाँ समायोजित की जाती हैं और शुद्ध राशि को बैलेंस शीट में सूचित किया जाता है, यदि वर्तमान में मान्यताप्राप्त राशियों को समायोजित करने का साध्य कानूनी अधिकार हो और यदि शुद्ध आधार पर निपटारा करने का इरादा हो, ताकि परिसंपत्तियों की वसूली और देनदारियों का निपटान एक साथ किया जा सके।

## 2.14 माल सूचियाँ

क. माल सूचियों की माप

माल–सूचियों के मूल्य को लागत तथा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य में जो सबसे कम हो उसपर निर्धारित किया जाता है। शुद्ध वसूली मूल्यका मतलब है माल सूचियों की अनुमानित बिक्री घटाव पूरा करने की अनुमानित लागत और बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागत।

ख. लागत फॉर्मूला

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अयस्क या चालू कार्य के अनुसार | अवशोषण लागत विधि |
| 2 | डाइरेक्ट मेटेरियलए स्टोर और पुर्जे | भारित औसत लागत पर |
| 3 | माल जो रास्ते में और निरीक्षण के अंतर्गत हैं | अधिग्रहित लागत पर |
| 4 | सह.उत्पाद | परिवर्तन लागत पर |
| 5 | रद्दी माल | अनुमानित मूल्य पर |

ग. स्टोर एवं स्पेयर्स

स्पेयर्स पार्ट्स एवं स्टैन्ड.बाई उपकरणों को माल सूची के रूप में वर्गीकत किया जाता हैए यदि वे उत्पादन या माल की आपूर्ति में इस्तेमाल किया जाते हों तो। लूज़ टूल्स को जारी करने के वर्ष में बट्टे खाते में डाल दिया जाता है। पाँच साल तक अचलायमान स्टोर्स स्पेयर्स के लिए अचलायमान का प्रावधान वित सृजित किया जाता है, केवल कैपिटल स्टोर्स एवं इंश्योरेंस स्पेयर्स को छोड़कर। अप्रचलित घोषित सामग्री को आवश्यक निपटान के लिए अलग किया जाता है और उसके बही मूल्य को लिखा जाता है। निपटान के बाद वसूले गये मूल्य को आय में क्रेडिट कर दिया जाता है।

## 2.15 नकद और नकद समकक्ष

नकदी प्रवाह के विवरण में प्रस्तुति के लिएए नकदी और नकद समकक्ष में शामिल होते हैं हाथ में नकद, बैंक में नकद, अल्पावधिक अत्यंत तरल निवेश, जिनकी मूल परिपक्वता अधिग्रहण की तिथि से तीन माह या उससे कम हो और जो नकद की ज्ञात राशि में आसानी से परिवर्तनीय हों और जो मूल्य एवं बैंक ड्राफ्ट में साधारण जोखिम परिवर्तन के अधीन हों। बैंक ओवरड्राट को बैलेंस शीट में वर्तमान देनदारियों के भीतर उधार के भीतर दिखाया जाता है।

## 2.16 कराधान

आयकर व्यय जंग वर्तमान और स्थगित कर के योग को निरूपित करता है। कर को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती हैए सिवाय उस स्थिति में जिसमें वह सीधे इक्विटी या अन्य विस्तृत आय से संबंधित हो।

क. वर्तमान आयकर

वर्तमान कर आयकर अधिनियमए 1961 के तहत वर्ष के लिए कर योग्य लाभ पर आधारित है।

ख. आस्थगित कर

आस्थगित कर को कंपनी के वित्तीय विवरणों में संपत्तियों और देनदारियों की आगे ले जानेवाली राशियों एवं कर. योग्य लाभ की गणना में इस्तेमाल किये गये संबंधित कर आधारों जंग के बीच के अस्थायी अंतर के आधार पर मान्य किया जाता है और इसका लेखांकन बैलेंस शीट देनदारी विधि से किया जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों जंग को आम तौर पर पर सभी घटाने.योग्य अस्थायी अंतरों, अप्रयुक्त कर हानि जंग एवं अप्रयुक्त कर क्रेडिट जंग के लिए मान्य किया जाता है, उस हद तक कि यह संभावना रहे कि भविष्य में कर योग्य लाभ उपलब्ध हो गए जिसके विरुद्ध ऐसे घटाने योग्य अस्थायी अंतर, अप्रयुक्त कर हानि एवं अप्रयुक्त कर क्रेडिट का इस्तेमाल किया जा सकता है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों की बकाया राशि की समीक्षा प्रत्येक बैलेंस शीट की तिथि को की जाती है और यह इस हद तक घटायी जाती है कि यह संभावना ही न रहे कि पर्याप्त कर योग्य मुनाफा उपलब्ध हो और उसके विरुद्ध

अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सके।

बकाया कर संपत्ति और देनदारियों को उन कर दरों पर मापा जाता हैए जिनकी उस अवधि में लागू होने की उम्मीद की जाती हैए जिसमें देयता का निपटारा होता है या परिसंपत्ति की वसूली होती हैए और यह उन कर दरों (और कर कानून) के आधार पर किया जाता है जो बैलेंश शीट तिथि तक लागू लागू की गयी हों।

न्यूनतम वैकल्पिक कर क्रेडिट को आस्थगित कर संपत्ति जंग के रूप में मान्य किया जाता है, केवल तभी और उसी हद तकए जब इस बात का स्पष्ट प्रमाण हो कि कंपनी निर्दिष्ट अवधि के दौरान सामान्य आयकर का भुगतान करेगी। इस तरह की परिसंपत्ति की समीक्षा प्रत्येक बैलेंस शीट की तारीख़ को की जाती है और परिसंपत्ति की आगे ले जानेवाली राशि घटा दी जाती है, उस हद तक जिसमें इस बात का ठोस सबूत न हो कि कंपनी निर्दिष्ट अवधि के दौरान सामान्य आयकर का भुगतान करेगी।

### 2.17 आय को मान्य करना

कंपनी आय को मान्य तब करती है जब आय की राशि को भरोसेमंद रूप से मापा जा सकता हो, यह संभव है कि इकाई को भावी आर्थिक लाभ मिलेगा,यानी, जब यूरेनियम सांद्र भारत सरकार को सौंपा जाएगा।

बाई.प्रोडक्ट्स की बिक्री से प्राप्त आय को प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल (एक्साइज ड्यूटी समेत) रिटर्न और भत्तेए ट्रेड छूट और वॉल्यूम रिबेट्स के शुद्ध जोड़ पर मान्य किया जाता है।

### 2.18 उधार लेने की लागत

उधार लेने की लागतए जिसे सीधे तौर पर योग्य परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या निर्माण से जोड़ा जा सकता हैए को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत के हिस्से के रूप में पूँजीकृत किया जा सकता है (कोष को अस्थायी रूप से इस्तेमाल करने से हुई शुद्ध आय), तबतक जबतक वे परिसंपत्तियाँ अपने इच्छित उद्देश्य से इस्तेमाल को तैयार न हों। योग्य परिसंपत्तियाँ वैसी परिसंपत्तियाँ ह, जो अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में अनिवार्य रूप से अच्छा–खासा समय लेती हैं।

अन्य सभी ऋण लागतों को उस अवधि के लाभ और हानि विवरण में मान्य किया जाता है, जिसमें उन्हें वहन किया गया है।

### 2.19 कर्मचारी लाभ

क. अल्पावधि लाभ

सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभ उस वर्ष के लाभ व हानि विवरण में मान्य किये जाते हैंए जिसमें उनसे संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

ख. यात्रा अवकाश छूट लाभ

यात्रा अवकाश छूट को वर्ष के लाभ व हानि विवरण में एक्चुएरियल वैल्यूएशन के आधार पर शामिल किया जाता है।

ग. अवकाश नकदीकरण लाभ

अर्जित अवकाशएवं बीमारी के अवकाश की देनदारी का निपटान कर्मचारी द्वारा संबंधित सेवा दिये जाने की अवधि की समाप्ति के 12 महीनों के अंदर किये जाने की आशा नहीं की जाती। इसलिए उन्हें भविष्य में होने वाले वैसे भावी भुगतानों के वर्तमान मान के रूप में मापा जाता है, जो कर्मचारी द्वारा रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए किये जाएँगे। लाभों को, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में, सरकारी प्रतिभूतियो, जो संबंधित दायित्व की शर्तों के निकट होती ह, पर प्राप्त मार्केट ईल्ड का इस्तेमाल करते हुए डिस्काउंट किया जाता है। अनुभव समायोजन और बीमांकिक मूल्यांकन में परिवर्तन की वजह से की जानेवाली पुनर्माप को अन्य विस्तृत आय में मान्य किया जाता है।

दायित्वों को बैलेंस शीट में वर्तमान देनदारियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, यदि इकाई को रिपोर्टिंग अवधि के कम से कम 12 महीने बाद तक निपटान को आस्थगित करने का बेशर्त अधिकार न हो, और इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि वास्तविक निपटान कब होने की उम्मीद है।

घ. नियोजन पश्चात लाभ एवं अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ :

कंपनी निम्नलिखित सेवा–अवधि के बाद की योजनाओं को संचालित करती हैः–

I) परिभाषित लाभ योजनाएं जैसे कि ग्रेच्युटी, नियोजन पश्चात चिकित्सा लाभ

i) **ग्रैच्युटी दायित्व**

परिभाषित लाभ सेवानिवृत्ति योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट विधि से किया जाता है और एक्चुएरियल वैल्यूएशन प्रत्येक वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किये जाते हैं।

परिभाषित लाभ ग्रैच्युइटी योजनाओं के संबंध में बैलेंस शीट में मान्य की गयी देनदारी या परिसंपत्ति, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिभाषित लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य घटाव योजना की संपत्तियों के उचित मूल्य के बराबर होती है।

परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य का निर्धारण अनुमानित भावी कैश आउटफ्लो को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में, सरकारी बौंड, जो संबंधित दायित्व की शर्तों के निकट होती हैं, पर प्राप्त मार्केट ईल्ड के संदर्भ में डिस्काउंट किया जाता है।

शुद्ध ब्याज लागत की गणना परिभाषित लाभ दायित्व एवं

योजना संपत्तियों के उचित मूल्य के शुद्ध शेष पर डिस्काउंट रेट को लागू करते हुए की जाती है। यह लागत लाभ व हानि विवरण के कर्मचारी लाभ व्यय में शामिल की जाती है।

एक्चुएरियल मान्यताओं में बदलाव से उत्पन्न पुनर्माप संबंधी लाभ और हानि को उस अवधि में मान्य किया जाता है, जिसमें वे उत्पन्न होती है, वह भी सीधे अन्य विस्तृत आय में। उन्हें इक्विटी में परिवर्तन विवरण में प्रतिधारित आय में शामिल किया जाता है। योजना समायोजन या कटौती से उत्पन्न परिभाषित लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य में हुए परिवर्तन को लाभ और हानि के विवरण में तुरंत ही पिछली सेवा लागत के रूप में मान्य किया जाता है।

ii) **सेवा.अवधि के बाद के चिकित्सा लाभ**

इन लाभों की अपेक्षित लागत कर्मचारी की सेवा.अवधि के दौरान संचित होती है और इसके लिए उसी लेखांकन पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है जिसका परिभाषित लाभ योजनाओं के लिए किया जाता है। एक्चुएरियल मान्यताओं में बदलाव से उत्पन्न पुनर्माप संबंधी लाभ और हानि को अन्य विस्तृत आय में चार्ज या क्रेडिट किया जाता है, उस अवधि में, जिसमें वे उत्पन्न होती हैं।

II) परिभाषित अंशदान योजनाएं जैसे प्रोविडेंट फंड, सुपरएनुएशन फंड

प्रोविडेंट फंड में कंपनी का योगदान बढ़ोतरी आधार पर लाभ व हानि विवरण में शामिल किया जाता है।

सुपरएन्यूएशन फंड में योगदान कंपनी की नीतियों के मुताबिक किया जाता है और भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ वित्त पोषित होता है और उस वर्ष में लाभ व हानि विवरण में शामिल किया जाता है, जिसमें योगदान(प्रीमियम) देय होता है।

### 2.20 अनुसंधान और विकास व्यय

पूंजीगत वस्तुओं से संबंधित व्यय विशिष्ट संपत्ति, संयंत्र और उपकरण में शामिल किये जाते हैं और इन्हें लागू दरों पर अवमूल्यित किया जाता है। रेवेन्यू व्ययको उस वर्ष के लाभ व हानि विवरण में शामिल किया जाता है, जिसमें वह खर्च किया जाता है।

### 2.21 प्रीपेड खर्चे

प्रीपेड खर्च को केवल वहीं लेखांकित किया जाता है, जहाँ अव्यतीत अवधि से संबंधित राशियाँ प्रत्येक मामले में 50,000 से ज्यादा हों।

### 2.22 स्ट्रिपिंग एक्टिविटी व्ययध्समायोजन

खदान के विकास चरण के दौरान अयस्क निकायके विकास पर हुए स्ट्रिपिंग व्ययका पूँजीकरण किया जाता है, जबकि उत्पादन चरण के दौरान इसे लाभ व हानि विवरणमें शामिल किया जाता है।

### 2.23 दावाहीन दायित्व

जॉब/अनुबंध पूरा करने के बाद, पाँच वर्षों से ज्यादा अवधि से बकाया अनक्लेम्ड कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू, अग्रिम राशिध सुरक्षा जमाध कॉशन मनी को समीक्षा के बाद विविध आयमें स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यदि दावा न किया गया क्रेडिट बैलेंस संविदा मूल्य की वजह से प्रोजेक्ट से संबंधित है, या अब कंपनी की देनदारियों के रूप में नहीं माना जाता, तो उसे पहचानी गयी प्रासंगिक संपत्तियों की लागत में समायोजित किया जाता है। ऐसी मदका विवरण रखा जाएगा। बाद में, रिफंड के मामले में, समीक्षा के बाद रिफंड के वर्ष में, उसे विविध खर्च में डेबिट किया जाएगा।

### 2.24 प्रावधान और आकस्मिकताएँ

i प्रावधान

प्रावधानों को तब मान्य किया जाता है जब किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्वों से संभवतः कंपनी के आर्थिक संसाधनों का बहिर्वाह हो सकता है और राशि का अनुमान विश्वसनीय ढंग से लगाया जा सकता है। समय या बहिर्वाह की राशि अब भी अनिश्चित हो सकती है। प्रावधानों को वर्तमान दायित्व के निपटान के लिए जरूरी अनुमानित व्यय पर मापा जाता है, जो रिपोर्टिंग तिथि पर उपलब्ध सबसे विश्वसनीय सबूतों पर आधारित होता है, और जिसमें मौजूदा दायित्वों को व्यवस्थित करने के लिए जोखिम और अनिश्चितताएँ भी शामिल होती हैं। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर सभी प्रावधानों की समीक्षा की जाती है और वर्तमान सर्वश्रेष्ठ अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है।

ii आकस्मिक दायित्व

पिछली घटनाओं से उत्पन्न संभावित दायित्वों के संबंध में आकस्मिक देनदारियों को जाहिर किया जाता है, लेकिन उनका अस्तित्व एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की ऐसी घटनाओं के घटित या न घटित होने से पुष्ट होगा, जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं या जहां किसी भी मौजूदा दायित्व को संसाधनों के भविष्य के बहिर्वाह की शर्तों के अनुसार नहीं मापा जा सकता या जहां दायित्व का एक विश्वसनीय अनुमान नहीं तैयार किया जा सकता है।

iii आकस्मिक परिसंपत्ति

आकस्मिक संपत्ति एक संभावित परिसंपत्ति है, जो पिछली घटनाओं की वजह से उत्पन्न होती है और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक ऐसी अनिश्चित घटना के घटने या न घटने से होती है, जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं होती है।

आकस्मिक संपत्तियों को मान्य नहीं किया जाता है बल्कि जब आर्थिक लाभों का अंतर्प्रवाह संभावित होता है, तब उन्हें नोट्स टु द अकाउंट्स में जाहिर किया जाता है। जब एक

अंतर्प्रवाह लगभग निश्चित होता ह, तब एक परिसंपत्ति को मान्य किया जाता है।

**2.25 सहायता अनुदान**

केन्द्रीय सरकार से पूंजीगत व्यय के लिए प्राप्त सहायता अनुदान, जहां अधिग्रहित संपत्ति का स्वामित्व सरकार में निहित होता है, अनुदान को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत में समायोजित किया जाता है।

**2.26 शेयर पूंजी**

साधारण शेयरों को इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

**2.27 प्रति शेयर आय**

बेसिक अर्निंग्स प्रति शेयर की गणना, वर्ष के दौरान, शेयरधारकों से संबंधित शुद्ध लाभ एवं वर्ष के दौरान बकाया शेयरों की भारित औसत संख्या का इस्तेमाल करते हुए की जाती है।

डाइल्यूटेड अर्निंग्स प्रति शेयर की गणना, वर्ष के दौरान शेयरधारकों से संबंधित शुद्ध लाभ एवं वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों एवं संभावित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या का इस्तेमाल करते हुए की जाती है, केवल वैसे मामलों को छोड़कर जो एंटी.डाइल्यूटिव हों।

**2.28 पूर्व अवधि समायोजन**

पिछले वर्षों से संबंधित प्रत्येक मामले में ृ50ए000 ध . से ऊपर के आय ध व्यय के मद को, प्रस्तुत की गयी पूर्व की अवधियों, जिनमें त्रुटि हुई, की तुलनात्मक राशि को पुनः घोषित करक, भूतलक्षी तरीके से, या यदि त्रुटि प्रस्तुत की गयी सबसे पहले की अवधि से भी पहले हुई हो तो ओपनिंग बैलेंस शीट को फिर से घोषित करक सुधारा जाता है।

**2.29 महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमानए पूर्व धारणा और निर्णय**

कंपनी भविष्य के बारे में अनुमान और धारणाएँ तय करती है। परिणामस्वरूप लेखा अनुमान, परिभाषा के अनुसार, शायद ही कभी संबंधित वास्तविक परिणामों के बराबर होंगे। अनुमानों और पूर्व धारणाओं, जिनकी वजह से, अगले एक वित्तीय वर्ष के अंदर, संपत्ति और देनदारियों की आगे ले जाने वाली राशियों में ठोस समायोजन होने का खासा जोखिम हो, के बारे में निम्नलिखित अनुच्छेदों में चर्चा की गयी है।

अनुमान और अंतर्निहित पूर्वधारणाओं की निरंतर आधार पर समीक्षा की जाती है। लेखा अनुमानों में संशोधन को उस अवधि में मान्य किया जाता है जिसमें वे अनुमान संशोधित किए गए हों और प्रभावित होनेवाली किसी भावी अवधि में।

क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को नुकसान

जब भी घटनाएं या परिस्थितियों में परिवर्तन से यह संकेत मिलता है कि संभव है कि संपत्ति का वहन मूल्य वसूली योग्य न हो, तो कंपनी संभावित हानि के आकलन के लिए अपनी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का मूल्यांकन करती है। एक नुकसान हानि को मान्य किया जाता है, यदि अगर किसी संपत्ति का वहन मूल्य उसके उचित मूल्य के उच्चतम मान में बिक्री लागत व उपयोग किये जा रहे मूल्य को घटाने पर मिलनेवाली राशि से ज्यादा हो।

परिसंपत्ति को कितना नुकसान हुआ है इसका निर्धारण अनिश्चित मामलों पर प्रबंधन के अनुमान से जुड़ा होता है। हालांकि, नुकसान की समीक्षा और गणना उन पूर्व धारणाओं पर आधारित होती हैं, जो कंपनी की व्यावसायिक योजनाओं और दीर्घकालिक निवेश निर्णयों के अनुरूप होती हैं।

ख) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त की उपयोगी आयु

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की अनुमानित उपयोगी आयु कई कारकों पर आधारित होती है, जिसमें अप्रचलन, परिसंपत्ति का उपयोग और अन्य आर्थिक कारकों (जैसे कि ज्ञात तकनीकी प्रगति) के प्रभाव शामिल हैं।

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख के अंत में और अमूर्त की उपयोगी आयु की समीक्षा करती है।

ग) खदान पुनरुद्धार दायित्व

अनुमान केवल तभी तैयार किया जाता है, जब कंपनी का कोई वर्तमान दायित्व हो, और यह संभावित हो कि भविष्य की तारीख में पुनर्वास ध पुनर्स्थापना लागत का खर्च उठाना पड़ेगा। किसी दायित्व का अस्तित्व तब होता है, जब पुनर्वास ध पुनर्स्थापना करने के सिवाय और कोई वास्तविक विकल्प न हो या जब इकाई पर्यावरण को पहुँचे नुकसान में सुधार करने या पर्यावरण को पुनर्बहाल करने हेतु कानूनी या रचनात्मक रूप से बाध्य हो।

द) आयकर

आयकरों के प्रावधान का निर्धारण करने के लिए एक अच्छी निर्णय प्रक्रिया जरूरी होती है। कई ऐसे लेन–देन और गणनाएं हैं, जिनके लिए सामान्य व्यवसाय के दौरान अंतिम रूप से कर का निर्धारण अनिश्चित होता है। कंपनी अनुमानित कर से संबंधित मसलों की देयताओं को अतिरिक्त कर देय होंगे या नहीं इस पर आधारित अनुमान पर मान्य करती है। जहां इन मामलों का अंतिम कर परिणाम शुरू में दर्ज की गई राशि से अलग होता है, उनमें ऐसे अंतर का आयकर और आस्थगित कर प्रावधानों पर उस अवधि में प्रभाव पड़ता है , जिसमें इसका निर्धारण किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, संचित हानि पर आस्थगित कर की विश्वसनीयता की संभावना, न्यूनतम वैकल्पिक कर और अस्थायी अंतरों का मूल्यांकन रिपोर्टिंग तिथि तक उपलब्ध विभिन्न कारकों के आधार पर किया जाता है। उन कारकों में किसी भी प्रकार का बदलाव आयकर और स्थगित कर प्रावधानों को उस अवधि में प्रभावित करेगा जिसमें ऐसा निर्धारण किया गया है।

## 3. सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपकरण

(लाख ₹ में)

| विवरण | स्वतंत्र भूमि | लीजवाली भूमि | फैक्ट्री भवन | प्रशासनिक एवं अन्य भवन | संयंत्र एवं मशीनरी (स्वामित्व) | विद्युत सस्थापन | ऑपेनकॉस्ट माइन | फर्नीचर एवं फिक्सचर | उपकरण | वाहन | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल 2015 को (विचारित लागत) | 4,641.62 | 221.52 | 14,784.22 | 7,174.83 | 25,216.06 | 9,356.19 | 8,415.19 | 203.75 | 279.18 | 243.10 | 70,535.67 |
| जोड़ा | - | 25.02 | 1,461.15 | 20.95 | 4,607.63 | 451.47 | - | 68.87 | 70.47 | 2.57 | 6,708.13 |
| 31 मार्च 2016 को | 4,641.62 | 246.54 | 16,245.37 | 7,195.78 | 29,823.69 | 9,807.66 | 8,415.19 | 272.62 | 349.65 | 245.67 | 77,243.80 |
| जोड़ा | 788.32 | - | 15,807.14 | 817.86 | 1,33,863.45 | 9,924.19 | - | 18.24 | 220.16 | 15.93 | 1,61,455.28 |
| **31 मार्च 2017 को** | **5,429.94** | **246.54** | **32,052.51** | **8,013.64** | **1,63,687.12** | **19,731.85** | **8,415.19** | **290.86** | **569.81** | **261.60** | **2,38,699.06** |
| **संचित अवमूल्यन एवं हानि** | | | | | | | | | | | |
| **01 अप्रैल 2015 को** | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रभार | - | 45.67 | 855.70 | 190.30 | 5,669.65 | 1,063.41 | 608.33 | 51.26 | 77.83 | 60.42 | 8,622.57 |
| **31 मार्च 2016 को** | - | 45.67 | 855.70 | 190.30 | 5,669.65 | 1,063.41 | 608.33 | 51.26 | 77.83 | 60.42 | 8,622.57 |
| वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रभार | - | 17.46 | 1,008.04 | 193.51 | 9,721.76 | 1,235.48 | 608.33 | 48.37 | 86.95 | 59.60 | 12,979.49 |
| **31 मार्च 2017 को** | **-** | **63.13** | **1,863.74** | **383.81** | **15,391.41** | **2,298.89** | **1,216.66** | **99.63** | **164.78** | **120.02** | **21,602.06** |
| शुद्ध बुक वेल्यू | | | | | | | | | | | |
| **31 मार्च 2017 को** | **5,429.94** | **183.41** | **30,188.78** | **7,629.83** | **1,48,295.72** | **17,432.96** | **7,198.53** | **191.23** | **405.03** | **141.58** | **2,17,097.00** |
| **31 मार्च 2016 का** | **4,641.62** | **200.87** | **15,389.67** | **7,005.48** | **24,154.04** | **8,744.25** | **7,806.86** | **221.36** | **271.82** | **185.25** | **68,621.23** |
| **01 अप्रैल 2015 को** | **4,641.62** | **221.52** | **14,784.22** | **7,174.83** | **25,216.06** | **9,356.19** | **8,415.19** | **203.75** | **279.18** | **243.10** | **70,535.67** |

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण की टिप्पणी

## 4. पूँजीगत प्रगतिधीन कार्य

(लाख ₹ में)

| विवरण | "पूँजीगत कार्य में प्रगति (संचालन इकाई)" | "पूँजीगत कार्य में प्रगति (चालु परियोजना)" | "पूँजीगत कार्य में प्रगति (पूर्व परियोजना व्यय)" | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **लागत और मुल्याकंन** | | | | |
| **1 अप्रैल 2015 को** | **1,92,396.48** | **8,240.98** | **2,706.79** | **2,03,344.25** |
| अतिरिक्त | 19,099.02 | 2,457.28 | 208.73 | 21,765.03 |
| स्थानांतरण | (1,016.33) | (1,536.37) | - | (2,552.70) |
| **1 अप्रैल 2016 को** | **2,10,479.17** | **9,161.89** | **2,915.52** | **2,22,556.58** |
| अतिरिक्त | 222.12 | 6,114.50 | 178.79 | 6,515.41 |
| स्थानांतरण | (2,03,785.09) | (364.76) | (699.03) | (2,04,848.89) |
| **1 अप्रैल 2017 का** | **6,916.20** | **14,911.63** | **2,395.28** | **24,223.10** |

**परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है :** (लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 तक | 31 मार्च 2016 तक | 01 अप्रैल 2015 तक |
|---|---|---|---|
| **परिचालन इकाईयां :** | | | |
| क) जादूगोड़ा माइंस एंड मिल्स | 104.02 | 48.44 | 72.73 |
| ख) नरवापहाड़ माइन | - | - | 4.86 |
| ग) तुरामडीह माइन | 209.80 | 156.18 | 909.02 |
| घ) बागजाता माइन | 4,221.39 | 4,221.39 | 4,221.39 |
| ड़) तुरामडीह मिल | 69.41 | 34.01 | 261.07 |
| च) बंदुहुरांग माइन | 52.13 | 27.86 | 35.14 |
| छ) मोहुलडीह माइन | 948.92 | 895.67 | 713.31 |
| ज) तुमलापल्ले माइन एंड मिल्स | 1,310.53 | 2,05,095.62 | 1,86,178.96 |
| | 6,916.20 | 2,10,479.17 | 1,92,396.48 |
| **चालू परियोजनाएँ :** | | | a |
| क) तुरामडीह माइन विस्तारीकरण परियोजना | - | - | 1,376.73 |
| ख) तुरामडीह मिल्स विस्तारीकरण परियोजना | 4,596.85 | 4,594.48 | 4,587.24 |
| ग) तुरामडीह मैगनेटाइट प्लांट प्रोजेक्ट | 1,537.66 | 308.93 | 119.13 |
| घ) तुरामडीह पैरॉक्साइट प्लांट प्रोजेक्ट | 1,262.76 | 655.57 | 490.23 |
| ड़) जादूगोड़ा में टेलिंग पॉण्ड प्रोजेक्ट का चौथा चरण | 4,240.47 | 2,113.81 | 241.75 |
| च) तुरामडीह में टेलिंग पॉण्ड प्रोजेक्ट का दूसरा चरण | 30.05 | 394.81 | 554.45 |
| छ) संचालन के डीबॉटलिनेक्लिंग | 1,682.95 | 21.96 | 2.00 |
| ज) भाटिन माइन आधुनिकीकरण परियोजना | 1,560.89 | 1,072.33 | 869.45 |
| | 14,911.63 | 9,161.89 | 8,240.98 |
| **परियोजना पूर्व व्यय :** | | | |
| क) लांबापुर परियोजना | 794.26 | 758.20 | 750.31 |
| ख) के. पी. एम. परियोजना | 918.07 | 856.50 | 823.46 |
| ग) तुम्मालापल्ले विस्तारीकरण परियोजना | 83.40 | 82.76 | 82.76 |
| घ) गोगी परियोजना | 191.82 | 122.85 | 104.89 |
| ड़) रोहिल परियोजना | 5.70 | 5.70 | 5.33 |
| च) यूरेनियम रिकवरी प्लांट (मुसाबनी) | 62.71 | 51.15 | 13.42 |
| अधिष्ठापन हेतु लंबित स्टॉक में पूंजी परिसंपत्ति/2.09 लाख रुपये का पारगमन में इस्तेमाल भी शामिल है (पिछले वर्ष : 63.18 लाख रुपये) | 339.33 | 1,038.36 | 926.62 |
| | 2,395.28 | 2,915.52 | 2,706.79 |
| **कुल** | **24,223.10** | **2,22,556.58** | **2,03,344.25** |

चालू परियोजनाओं तथा परियोजना से पूर्व की स्थिति का उल्लेख लेखा पर अतिरिक्त नोट्स के क्रम संख्या 38.5 में किया गया है (नोट–38)

## 5. अमूर्त संपत्ति

(लाख ₹ में)

| विवरण | उत्पाद विकास गतिविधि | वन भूमि का उपयोग करने का अधिकार | कुल |
|---|---|---|---|
| **1 अप्रैल 2015 (डीम्ड की लागत) पर** | **-** | **988.01** | **988.01** |
| **31 मार्च 2016 को** | **-** | **988.01** | **988.01** |
| अतिरिक्त | 14,016.35 | - | 14,016.35 |
| **31 मार्च 2017 को** | **14,016.35** | **988.01** | **15,004.36** |
| **परिशोधन और हानि** | | | |
| 01 अप्रैल 2015 को | - | - | - |
| ऋण मुक्त | - | 63.18 | 63.18 |
| **31 मार्च 2016 को** | **-** | **63.18** | **63.18** |
| ऋण मुक्त | 700.82 | 80.12 | 780.94 |
| **31 मार्च 2017 को** | **700.82** | **143.30** | **844.12** |
| नेट बुक मूल्य | | | |
| **31 मार्च 2017 को** | **13,315.53** | **844.71** | **14,160.24** |
| **31 मार्च 2016 को** | **-** | **924.83** | **924.83** |
| 01 अप्रैल 2015 को | **-** | **988.01** | **988.01** |

वन भूमि का उपयोग करने का अधिकार : 553.24 एकड़ (31.03.2016 : 553.24 एकड़ और 01.04.2015 : 553.24 एकड़) की वन भूमि झारखण्ड सरकार द्वारा विशिष्ट उपयोग के लिए प्राप्त की गई है और झारखण्ड सरकार के स्वमित्व में है।

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण की टिप्पणी

## 6. ऋण

(लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 को | 31 मार्च 2016 को | 31 मार्च 2015 को |
|---|---|---|---|
| **गैर चालू** | | | |
| सुरक्षित, अच्छे विचार | | | |
| – कर्मचारियों को गृह निर्माण अग्रिम | 800.81 | 804.59 | 805.04 |
| – नौकरी अनुबंध के लिए अग्रिम | 391.60 | 765.15 | 1,169.15 |
| असुरक्षित, अच्छे विचार | | | |
| – कर्मचारियों से अग्रिम | 109.59 | 110.33 | 49.97 |
| | **1,302.00** | **1,680.07** | **2,024.16** |
| **चालू** | | | |
| सुरक्षित, अच्छे विचार | | | |
| – कर्मचारियों को गृह निर्माण अग्रिम | 181.33 | 173.86 | 168.03 |
| असुरक्षित, अच्छे विचार | | | |
| – कर्मचारियों से अग्रिम | 209.55 | 302.60 | 288.14 |
| – कर्मचारियों से अन्य प्राप्ति | 80.81 | 77.04 | 33.76 |
| – अन्य प्राप्ति | 2,059.16 | 869.61 | 855.37 |
| | **2,530.85** | **1,423.11** | **1,345.30** |

## 7. अन्य गैर मौजूदा परिसंपत्ति

(लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 को | 31 मार्च 2016 को | 31 मार्च 2015 को |
|---|---|---|---|
| पूँजी में वृद्धि (सुरक्षित, अच्छे विचार) | 7.40 | 7.40 | 10.81 |
| | 7.40 | 7.40 | 10.81 |

31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का नोट

## 8. इंवेन्टरीज

(लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 को | 31 मार्च 2016 को | 31 मार्च 2015 को |
|---|---|---|---|
| कच्चा माल | 471.15 | 423.77 | 269.47 |
| कार्य प्रगति पर | 7,295.37 | 1,474.54 | 1,437.66 |
| तैयार माल | | | |
| अयस्क | 39,599.81 | 5,723.20 | 2662.78 |
| बाय प्रोडक्ट | 135.27 | | |
| घटाएं : प्रावधान | (3.25) | 132.02 | 74.24 |
| स्क्रैप | 284.69 | 227.75 | 246.38 |
| भंडार तथा पुर्जे | 3,998.61 | 2,632.23 | 2581.3 |
| अप्रचलित के लिए प्रावधान | (347.72) | -300.48 | -267.68 |
| | 3,650.89 | 2,331.75 | 2,313.62 |
| भंडार तथा पुर्जे – पारगमन में | 306.89 | 262.75 | 379.73 |
| | **51,740.83** | **10,518.00** | **7,337.33** |

## 9. व्यापार प्राप्तियाँ

(लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 को | 31 मार्च 2016 को | 31 मार्च 2015 को |
|---|---|---|---|
| व्यापार से प्राप्तियाँ | 49,097.88 | 23,081.50 | 7,009.70 |
| | 49,097.88 | 23,081.50 | 7,009.70 |
| वर्तमान भाग | 49,097.88 | 23,081.50 | 7,009.70 |
| गैर–वर्तमान भाग | - | - | - |
| **सुरक्षा विवरण के लिए ब्रेक–अप** | | | |
| (अ) सुरक्षित, अच्छा मानना | 49,097.88 | 23,081.50 | 7,009.70 |
| (ब) असुरक्षित, अच्छा मानना | - | - | - |
| | **49,097.88** | **23,081.50** | **7,009.70** |

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण की टिप्पणी

31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों का नोट

## 10. नकद एवं नकद समकक्ष

(लाख ₹ में)

| विवरण | 31 मार्च 2017 को | 31 मार्च 2016 को | 31 मार्च 2015 को |
|---|---|---|---|
| उपलब्ध नकद (अग्रदाय नकद एवं स्टाम्प भी शामिल है) | 13.65 | 14.26 | 14.99 |
| बैंकों के पास जमा राशियाँ | | | |
| – चालू खाता में | 2,225.29 | 3,084.45 | 3,003.33 |
| – तीन महीने के भीतर मेच्योरिटी के साथ जमा राशि (धारणाधिकार के बिना) | 108.36 | 99.50 | 1,800.00 |
| – तीन महीने के भीतर मेच्योरिटी के साथ जमा राशि (धारणाधिकार के साथ) | - | - | 4,315.69 |
| | **2,347.30** | **3,198.21** | **9,134.01** |

* औवरड्राफ्ट और क्रेडिट के पत्र के विरूद्ध धारणाधिकार के रूप में आयोजित

## 11. नकद और नकद समकक्षों के अलावा बैंक अधिशेष राशि

(लाख ₹ में)

